'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 67 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए बुधवार, 22 मई 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## पीएम मोदी के नेतृत्व में मेवात का विकास हुआ : महिपाल ढांडा




**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**नूंह।** हरियाणा के पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा मंगलवार को खेडला गाँव स्थित पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जन-प्रतिनिधि संवाद में पहुंचे। जहां जिले के सैंकड़ों सरपंचों ने पंचायत मंत्री का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पंचायत मंत्री ने प्रदेश की भाजपा सरकार की उलबधियां गिनवाई और आने वाली 25 मई को भाजपा के समर्थन में भारी मतदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि मेवात से भाजपा को वोट नहीं मिलती। वे इसबार 4 जून को मतपेटियां चैक कर लें। क्योंकि मेवात इसबार विकास पर वोट करेगा और सब जानते है कि विकास सिर्फ भाजपा ही करा सकती है। उन्होंने कहा आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है। पिछले दस सालों में भारत का रुतबा दुनिया में बढ़ा और वह दुनिया का सबसे लोकप्रिय और नंबर वन देश बनकर उभरा है। इस बार मोदी जी ने एक संकल्प लिया है कि 2024 में जब हम तीसरी बार चुनकर आएंगे तो देश में 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों के इलाज का खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा चाहे वह किसी भी वर्ग से हों। हर घर के बिजली का बिल जीरों करने और देश के 80 करोड़ लोगों को राशन देने की व्यवस्था सरकार करेगी और गरीबों के लिए तीन करोड़ और मकान बनाकर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उनके नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने 60 साल के शासनकाल के दौरान मेवात के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस के लोगों ने देश और मेवात को लूटने का काम किया। देश को गरीबी की ओर धकेला है। कांग्रेस को सिर्फ अपने वोट बैंक की चिंता रही, देश की नहीं। कांग्रेस ने गरीबी हटाने का सिर्फ नारा दिया, लेकिन इस दिशा में कोई काम नहीं किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी जन-प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि अबकि बार 400 पार के नारे को सार्थक बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और करवाएं।

### मीडिया समन्वयक ने झोली फैलाकर मांगे वोट

मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने भी मौजूद जन-प्रतिनिधियों से मेवात के हालात बदलने के लिए अपनी झोली फैलाकर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2019 में नूंह क्षेत्र से भाजपा को 82,991 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस को 2 लाख 72 हजार। कम वोट मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने मेवात में खूब विकास कार्य किए। उन्होंने कहा, मेवात के लिए यह चुनाव हार-जीत का नहीं बल्कि राज में साथ और विकास के लिए होना चाहिए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

जन-प्रतिनिधि संवाद में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जिला प्रमुख जान मोहम्मद, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के पीए बलजीत मलिक, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान रफीक हतौडी, नूंह नगर पालिका चैयरमेन मनोज मनोजा, जिप वाइस-चेयरमैन शब्बीर अहमद, ईशा चैयरमेन, चंदेनी सरपंच वसीम, बिछौर सरपंच ईमतयाज, नवलगढ सरपंच वीरसिंह, मोहम्मदपुर सरपंच जैद, जखोपुर सरपंच अयुब नंबरदार, खेडली खुर्द सरपंच उसमान, रायपुरी सरपंच साहुन हुसैन, गंगवानी सरपंच ईरसाद, जमालपुर सरपंच शहजाद, ब्लॉक समिति सदस्य मुनासिब, किरा सरपंच समय सिंह, रेवासन पूर्व सरपंच प्रीतम, पार्षद ईलयास, रनयाला सरपंच साबिर, जमालपुर सरपंच अजीज, नांगल-मुबारिक सरपंच बिलाल, नगीना सरपंच नसीम, सुडाका सरपंच लियाकत, फिरोजपुर मेव सरपंच फकरूद्दीन, कुतबगढ सरपंच ओमप्रकाश, जिला पार्षद योगेश तंवर, भादस पूर्व सरपंच साजिद, आलदोका सरपंच बहादुर, अकलीपूर सरपंच काला, घासेडा सरपंच इमरान, नौसेरा सरपंच मुबीन, पार्षद योगेश सैनी, ब्लॉक समिति सदस्य जमशीदा, इजहार, जिला पार्षद श्वेता सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लियाकत, ब्लॉक समिति चेयरमैन शेरसिंह, छछेडा पूर्व सरपंच राजू, ब्लॉक समिति सदस्य अरसद, मामलिका सरपंच हामिद, सुनारी सरपंच रहमदीन, बाजिपुर सरपंच यूसुफ, राजाका सरपंच शहरूक, देहाना सरपंच समीम अहमद, सरपंच मुस्ताक, उटका सरपंच साजिद, बाई सरपंच नसीम, खेडली सरपंच रिजवाना, बुखाराका सरपंच नफीक, मरोडा सरपंच मुश्ताक, जिला पार्षद मोहम्मद लतीफ, पंचायत समिति सदस्य मुशतकीम, ईबाहिम, खरखडी सरपंच अशफाक, करहेडा सरपंच रामपाल, मेटला सरपंच यूनुस, भाजपा नेता बीरपाल कालियाका, जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा और बीरबल भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार को भगाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में करें मतदान : महेन्द्र प्रताप सिंह

### पूर्व मंत्री करण दलाल ने कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी के साथ एक दर्जन चुनावी सभाओं को किया संबोधित, शहर में निकाला रोड-शो



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह ने आज मंगलवार को पलवल में जोरदार दस्तक दी। उनका जहां एक दर्जन से अहिधक चुनावी सभाओं में जोरदार स्वागत किया गया वहीं पलवल शहर में पद-यात्रा कर एक विशाल रोड-शो निकाल व्यापारी एवं शहरवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

उनके साथ हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल भी मुख्यरूप से मौजूद रहे। वह जहां-जहां से भी निकले शहर के व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर व मिठाई खिलाकर अपने खुले समर्थन का ऐलान भी किया। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत बाम्रीखेडा से की उसके बाद सेलौटी, असावटा, पातली खुर्द, बांस मौहल्ला, कारना, अल्लीका, घुघेरा के अलावा पलवल शहर में बघेल घर्मशाला कुशलीपुर, कमेटी चौक व जवाहर नगर कैंप में आयोजित चुनावी सभाओं में पगडी बांधकर जोरदार स्वागत किया गया वहीं जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में पलवल के वकीलों द्वारा भी गर्मजोशी के साथ स्वागत कर अपने समर्थन का ऐलान किया। इस अवसर पर उनके साथ आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर रावत, जिला पार्षद पति धमेन्द्र तेवतिया एडवोकेट भी मुख्यरूप से मौजूद थे। लोगों के मिले अपार समर्थन से गदगद कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि आप लोगों की भारी संख्या और जोश बता रहा है कि पिछले दस साल में फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है तथा जाति-धर्म व वर्ग विशेष के नाम पर आपकी भावनाओं के साथ खेला गया गया है लेकिन अब समय आ गया है कि इनके भ्रष्टाचार और अहंकार को वोट की ताकत से तोडने का। क्योंकि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बडा हथियार है इसलिए एकजुट हो इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को उखाडकर फेंकें, ताकि लोगों के जीवन में फिर से खुशहाली आ सके। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों में कांग्रेस के पक्ष में हवा चल निकली है उससे बीजेपी प्रत्याशी निराश व हताश हैं। क्योंकि अब मोदी के नाम से भी वोट नहीं मिल रहे हैं, वजह ये है कि यह चुनाव भ्रष्टाचार और ईमानदारी पर आकर खडा हो गया है और आप ईमानदारी को चुन रहे हैं जिसकी आवाज समूचे प्रदेश में जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ही फरीदाबाद और पलवल का भला कर सकती है। पलवल को कांग्रेस ने जिला बनाया अब आगे पलवल तक मैट्रो भी कांग्रेस ही लेकर आएगी वहीं शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर आपके सपनों की सरकार बनाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि लोकसभा चुनाव का असर आने वाले विधानसभा चुनावों पर भी पडेगा इसलिए भविष्य में बनने वाली कांग्रेस सरकार कारे मजबूती देने के लिए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें आपके विकास व सम्मान की जिम्मेदारी मेरी होगी। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि मौजूदा सरकार से सिर्फ बदमाश, भ्रष्टाचारी और नशे के कारोबारी खुश हैं। बाकि जनता भाजपा की नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही भाजपा के पास सिवाय जुम्लो के गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। ना ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। जबकि कांग्रेस अपने विकास कार्यों और घोषणापत्र के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप ईमानदारी व बेईमानी को तराजू में तोलकर ईनामदार व बेदाग छवि के नेता बाबू महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाएं ताकि फरीदाबाद और पलवल दोनों जिलों के नागरिकों के विकास के सपनों को पूरा किया जा सके।

## गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र का विकास कराने का राजा साहब ने कभी प्रयास ही नहीं किया : राज बब्बर



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व सांसद राज बब्बर का कहना है कि पूरे लोकसभा क्षेत्र का दौरा करने के बाद उनका स्पष्ट मानना है कि इस लोकसभा क्षेत्र का विकास कराने का राजा साहब ने कभी प्रयास ही नहीं किया। जिन परियोजनाओं की घोषणा हुई भी वे घोषणा से आगे बढ़ ही नहीं पाई।

अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के गांवों व कस्बों में चुनावी जनसंपर्क के दौरान पूर्व सांसद राज बब्बर ने कहा कि बीस साल से लगातार सांसद चुने जा रहे भाजपा के मौजूदा सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह कुल बीस विकास योजनाएं भी ऐसी नहीं गिनवा सकते जिनसे इस क्षेत्र में समुचित विकास हुआ हो। उनके कार्यकाल में वर्ष 2013 में जिस डिफेंस यूनिवर्सिटी की घोषणा हुई थी उस पर शिलान्यास के बाद कोई काम नहीं हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर ने फिरोजपुर झिरका, कादरपुर, झाड़सा, नाहरपुर रूपा, गढ़ी हरसरू, साढराना, बुढेड़ा, गाड़ौली, शिवाजी नगर व लक्ष्मण विहार आदि गांवों व कालोनियों में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास कराने के लिए विकास की नीयत होना जरुरी है। उन्हें नहीं लगता कि पिछले बीस वर्षों में इस लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य कराने के प्रयास किए गए हों। सरकारी स्तर पर यहां खेड़की दौला टोल हटाने, पुराने गुरुग्राम शहर में मेट्रो का विस्तार करने, सिविल हॉसपिटल की 200 बिस्तरों की नई बिलडिंग बनाने और आधुनिक बस अड्डा बनाने जैसी ढेरों घोषणाएं तो हुईं लेकिन न तो भाजपा की राज्य सरकार ने और न ही क्षेत्र के सांसद ने इन परियोजनाओं को पूरा कराने व लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने की तरफ ध्यान दिया।

पूर्व सांसद एवं सिने अभिनेता राज बब्बर ने कहा कि मेवात जितना बीस साल पहले पिछड़ा था उतना ही आज है। यहां विकास के नाम पर केवल लोगों को सब्ज़बाग दिखाए गए हैं। पूरे मेवात इलाके में शिक्षा और चिकित्सा सुविधा का हाल बेहाल है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार अर्सतित्व में आते ही पूरे गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में तीव्र गति विकास कार्य कराते हुए लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## जाट संस्था ने दिया भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को समर्थन

### फरीदाबाद के विकास में नहीं छोड़ी कोई कसर : देवेंद्र चौधरी

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** याली चौक स्थित जाट संस्था द्वारा भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुज्जर के समर्थन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के युवा नेता एवं निवर्तमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी देवेंद्र चौधरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने ग्रेटर फरीदाबाद ही नहीं पूरी फरीदाबाद लोकसभा की सभी 9 विधानसभाओं में समान तरीके से विकास किया है और फरीदाबाद के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। देवेन्द्र चौधरी ने अपील करते हुए कहा कि यह कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव देश के सम्मान का है, इसलिए कृष्णपाल गुर्जर को भारी मतों से विजयी बनाकर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करे।



देवेंद्र चौधरी ने जाट सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जबकि पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने न केवल देश में बल्कि हरियाणा प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित कर इसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।

फरीदाबाद जिला आज फिर से विकास की गति से जुड़कर विकसित जिलों की श्रेणी में अव्वल बनता जा रहा है। देश के सबसे लंबे मुंबई एक्सप्रेस-वे को फरीदाबाद से जोड़ने का काम भी आपके सांसद कृष्णपाल गुर्जर द्वारा ही किया गया। फरीदाबाद की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए केजीपी, एफएनजी आदि 4 और नए हाईवे और एक्सप्रेस वे बन गए हैं या बनाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले जब आपके एक- एक वोट की ताकत से चौधरी कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद से चुनकर संसद पहुंचे, उन्होंने हमेशा फरीदाबाद लोकसभा के विकास को प्राथमिकता दी और फरीदाबाद में सैंकड़ो नहीं बल्कि हजारों करोड़ों के विकास कार्य करवाए नए रिकार्ड स्थापित किए है। उन्होंने कहा कि जेवर में जो नया एयरपोर्ट बन रहा है उसके लिए एक नया एक्सप्रेसवे बनाने का काम किया जिससे कि फरीदाबाद के लोग नोएडा से भी कम समय में सीधे जेवर एयरपोर्ट तक पहुंच सके।

इस अवसर पर आजाद सागवान जाट संस्था प्रधान, जय सिंह दहिया, रघुबीर मडल चेयरमैन, बुट्टा सिंह, राजमल चहल, राजेंद्र मोर, वजीर सिंह रेड्ड पूर्व प्रधान, दीपक नैन, पंकज भाटी, दीपक त्यागी, प्रवेश पांचाल पूर्व पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर 07, सतीश यादव, पार्षद बीर सिंह नैन वार्ड नंबर 07, समाज सेवी राजू मोर, जितेंद्र मोर, राजपाल डांगी, युवा नेता उदय सिंह तोमर, मनोज बालेन आदि उपस्थित थे।



रोहतक में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर बरसे राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, बोले–

# कांग्रेस का घोषणापत्र बाउंस चेक की तरह, जो कभी कैश नहीं होगा : धनखड़

**दम है तो कांग्रेस के एजेंडे पर वोट मांगकर दिखाएं दीपेंद्र**

**कांग्रेस के चुनावी बैनर पर इनके बड़े नेताओं के फोटो तक नहीं**

**भाजपा को पूर्ण समर्थन मिल रहा, तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार**

**किसानों के लिए सबसे ज्यादा काम भाजपा ने किया**

**भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तो स्वामीनाथन रिपोर्ट को ही लटका दिया था**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कहा कि कांग्रेस झूठ के दम पर राजनीति कर रही है। कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र बाउंस चेक की तरह है, जो कभी कैश नहीं होगा। कांग्रेस ने जो भी घोषणाएं की हैं, वे कभी पूरी नहीं हो सकती। उदाहरण के तौर पर बिहार को ही लें तो वहां वादा कर रहे हैं कि एक करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। 20 हजार रुपये महीना भी नौकरी दी तो सालाना 2.40 लाख करोड़ रुपये बनते हैं, जबकि बिहार का कुल बजट ही पौने तीन लाख करोड़ है। अब सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसा घोषणा पत्र पूरा कैसे होगा।

रोहतक में भाजपा के मंगल कमल कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए श्री धनखड़ ने रोहतक लोकसभा के कांग्रेंस प्रत्याशी को चुनौती दी कि दम है तो कांग्रेस के घोषणापत्र पर वोट मांगकर दिखाएं। अपने नेताओं के नाम पर वोट मांगकर दिखाएं। कांग्रेस के ऐजेंडे को लोगों के बीच में लेकर जाएं और विरासत टैक्स लगाने, धारा 370 दोबारा लागू करने जैसे कांग्रेस के मंसूबों पर वोट मांगकर दिखाएं। धनखड़ ने कहा कि हालत ये है कि हरियाणा में चुनावी बैनर पर इनके बड़े नेताओं के फोटो तक नहीं हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, पूरे देश में भाजपा को पूर्ण समर्थन मिल रहा है और तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान ओमप्रकाश धनखड़ के साथ भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, रोहतक जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे।

**कांग्रेस ने झूठ बोला सरकार पलट गई**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोला है और अब जनता उनके झूठ को पहचानने लगी है। कांग्रेस ने राजस्थान में झूठ बोला तो वहां की जनता ने उन्हें नकार दिया। मध्यप्रदेश में झूठ बोला तो वहां इनकी सरकार पलट गई। 2014 और 2019 में हरियाणा की जनता ने इन्हें सत्ता में नहीं आने दिया। कांग्रेस कहती है कि हमने किसानों का 72 हजार करोड़ रुपये कर्ज माफ किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 72 हजार करोड़ रुपये किसानों को हर साल सम्मान के रूप में दे रही है। किसानों को मुआवजे की बात करें तो हरियाणा में कांग्रेस की सरकार में 5-5 रुपये के चेक मिलते थे। लेकिन हमारे जितना तो कांग्रेस ने मुआवजा अपने दस साल के कार्यकाल में नहीं दिया, जितना भाजपा ने एक साल में दिया। हमने किसानों को डेढ़ लाख करोड़ रुपये मुआवजा बांटा

**किसानी के लिए सर्वाधिक काम भाजपा ने किया**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री धनखड़ ने कहा कि खेती किसानी के लिए सबसे ज्यादा काम भाजपा ने किया। किसान सम्मान निधि दे रहे हैं और इसे आगे भी जारी रखेंगे। कुल 10 प्रतिशत कीमत पर सोलर पंप लगाए जा रहे हैं। गन्ने का रेट देश में सबसे ज्यादा हरियाणा में है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस ने तो स्वामीनाथन रिपोर्ट को भी लटका दिया था।

**बुजुर्गों का इलाज मोदी करवाएंगे**

श्री धनखड़ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बुजुर्गों के इलाज का संकल्प लिया और अब 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों का इलाज आयुष्मान और चिरायु के तहत मोदी करवाएंगे। धनखड़ ने कहा कि बिजली बिल से भी लोगों को मुक्त करने का हमारा सपना है। अब घरों में 300 यूनिट का सोलर सिस्टम लगवाएंगे।

**केजरीवाल के लिए कोई सहानुभूति नहीं**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए जनता के मन में कोई सहानुभूति नहीं है। सहानुभूति की तो बात अलग, स्वाती मालीवाल का मामला होने के बाद केजरीवाल के लिए किसी के मन में आदर भी नहीं रहा।

# 23 मई को प्रियंका गांधी सिरसा में करेंगी रोड शो: कुमारी सैलजा

## यह चुनाव भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ चुनाव है, लोग अपने आप ही लड़ रहे है

**समाचार गेट ब्यूरो**

**सिरसा।** कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा ने कहा कि 23 मई को प्रियंका गांधी सिरसा में रोड शो करेंगी। लोगों की काफी मांग थी कि प्रियंका गांधी का सिरसा में कार्यक्रम करवाया जाए। उन्होंने कहा कि रोड़ शो सुबह 8:30 बजे शुरू होगा। जल्द ही रूट तय कर लिया जाएगा। मंगलवार को सिरसा में हिसार रोड़ स्थित प्रीतम पैलेस में जसवीर सिंह जस्सा द्वारा आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि यह चुनाव भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ चुनाव है। लोग खुद ही चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वालों के पास कोई मुद्दा तो है नहीं और न ही उन्होंने कोई विकास कार्य करवाए इसलिए वे बेतुकी बातें कर रहे है। चुनावों के बीच में राम का नाम ला रहे है। भगवान राम के तो सभी भगत है। भगवान राम क्या कोई उनका ट्रेडमार्क है? लोग उनकी बातों में आने वाले नहीं। बीते दिवस शहर में बुलडोजर रोड शो निकाल कर भय का माहौल पैदा करने की कोशिश की गई। पर अब लोग न तो इनसे डरने वाले हैं और न ही इनके बहकावे में आने वाले।

कुमारी सैलजा ने कहा कि बीजेपी के 10 साल के शासन में देश व प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल के कार्यकाल में किसान, व्यापारी, गरीब, मजदूर, महिलाओं तथा बेरोजगारों सहित सभी वर्गों को सिर्फ परेशान करने का ही काम किया है। जिसके चलते भाजपा के प्रति पूरे देश के लोगों में नाराजगी पाई जा रही है और लोगों का झुकाव कांग्रेस और उनके समर्थक पार्टियों की तरफ हो गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा द्वारा आयोजित रैलियों में प्रधानमंत्री ने भाजपा द्वारा किए गए कार्यों पर कुछ नहीं बोला। बोलें भी कैसे भाजपा सरकार ने कोई ऐसा कार्य किया ही नहीं, जिसका जिक्र मोदी करते। इसलिए उन्होंने सिर्फ और सिर्फ झूठ व जुमलों का सहारा लिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि पांच चरणों के मतदान के बाद साफ हो चुका है कि भाजपा और मोदी देश की सत्ता से जा रहे हैं, कांग्रेस व इंडिया गठबंधन आ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनावों में राम को बीच में ला रहे है पर लोगों को मोदी या भाजपा से राम के नाम का सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राम हमारे दिल में है।



कुमारी सैलजा ने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर महंगाई पर लगाम लगाई जाएगी। गरीब परिवारों की एक महिला को एक लाख रुपए सालाना दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा देश में बेरोजगारी को खत्म करने के लिए 30 लाख से ज्यादा बेरोजगारों को प्रतिवर्ष नौकरियां भी दी जाएगी और गरीब व्यक्ति, किसानों का कर्ज माफ भी किया जाएगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल-खड़गे ने कांग्रेस पार्टी की ओर से जिन 5 न्याय व 25 गारंटी को देने का वादा किया है, वे हर देशवासी का जीवन बदलने के लिए काफी हैं। 4 जून के बाद सरकार बनते ही इन्हें लागू कर दिया जाएगा। कुमारी सैलजा को कार्यक्रमों में महिलाओं व पुरुषों ने आशीर्वाद भी दिया। साथ ही कुमारी सैलजा ने लोगों के साथ मुलाकात करते हुए पुराने दिन याद करते हुए कहा कि वह और उनके पिता जब पहले सांसद थे तो उन्होंने सबसे ज्यादा विकास कार्य करवाए थे और जीत के बाद फिर से सबसे ज्यादा विकास कार्य करवाए जाएंगे। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ कांग्रेस का चुनाव नहीं है बल्कि संविधान बचाने का भी चुनाव है। लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इससे पहले उन्होंने सी ब्लॉक, सी ब्लॉक स्थित दुर्गा मंदिर में सभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर वीरभान मेहता, अमीर चावला, नवीन केडिया, कुलदीप गदराना, बूटा सिंह थिंद, दुर्गा सिंह, गुरनाम सिंह छब्बर, मोहित शर्मा, कृष्णा फौगाट, रणधीर सिंह, बलवीर कौर गांधी, जसवीर सिंह, आनंद बियाणी, मलकीत खोसा, राजेश चाडीवाल, विनीत कंबोज आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के लिए मांगा जनसमर्थन

**संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहा इंडिया गठबंधन : खड़गे**

**हरियाणा महंगाई और बेरोजगारी में नंबर वन, इस पर बात तक नहीं करते पीएम मोदी : खड़गे**

**झूठों के सरदार हैं प्रधानमंत्री मोदी, एक भी वादा पूरा नहीं किया : खड़गे**

**प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ तो लिया लेकिन सबका सत्यानाश किया : खड़गे**

**इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही : खड़गे**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**यमुनानगर, 21 मई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत यमुनागर के जगाधरी में जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में वोट की अपील की। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भान, कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता और अशोक अरोड़ा सहित सैंकड़ो इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि मैं सबसे पहले भारत रत्न राजीव गांधी को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि देता हूं। राजीव गांधी ने 21 साल हटाकर 18 साल के युवा को वोट का अधिकार दिया। हम प्रधानमंत्री मोदी की तरह बात नहीं करते काम करके दिखाते हैं। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया उसकी बदौलत ही नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृहमंत्री बने हैं। उन्होंने मोदी हटाओ देश बचाओ का नारा दिया और कहा कि तुम मुझे वोट दो, मैं मोदी को हटाउंगा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के राज में हरियाण महंगाई और बेरोजगारी में नंबर एक पर है। पीएम मोदी युवाओं से नौकरी छीन रहे हैं और हर सरकारी संपतति को अंबानी और अडाणी के हवाले कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी इतने बड़े पद पर बैठकर मंगलसूत्र और भैंस चोरी की बात करते हैं। इंडिया गठबंधन बीजेपी व आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। बीजेपी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन नहीं जनता लड़ रही है। ये लड़ाई जनता और बीजेपी के बीच है।

उन्होंने कहा पीएम मोदी ने काला धन वापस लाकर हर परिवार को 15 लाख रुपए, युवाओं को दो करोड़ नौकरी और किसानों की आमदनी डबल करने का वादा किया था। लेकिन प्रधानमंत्री ने किसी को कुछ नहीं दिया, पीएम मोदी झूठों के सरदार हैं। पीएम मोदी ने तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों के हकों को खत्म करने का प्रयास किया। जिसके विरोध में किसान दिल्ली बॉर्डर पर 14 महीने तक बैठे रहे। जहां पर 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उनके बारे में एक शब्द नहीं कहा। जिसने किसानों पर गाड़ी चढ़ाई बीजेपी ने सबसे पहले उसको टिकट दी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ तो लिया लेकिन सबका सत्यानाश कर दिया। बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं को धोखा देने का काम किया। बीजेपी भर्तियां खाली रखकर गरीब के हक को छीनने का काम कर रही है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि बुलेट ट्रेन लेकर आऊंगा, लेकिन आज तक उस बुलेट ट्रेन का ये नहीं पता कि पहुंची कहां हैं। इस बार केंद्र में पूर्ण बहुमत से इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी परेशान है। प्रधानमंत्री मोदी जब तक राहुल गांधी के बारे में कुछ नहीं बोलते तब तक उनका खाना भी हज्म नहीं होता। इसलिए हरियाणा में इंडिया गठबंधन को लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतानी है।

# जेजेपी के राहुल फाजिलपुरिया को जोर का झटका!

## जिला परिषद अध्यक्ष जेजेपी नेत्री दीपाली भाजपा के पाले में

**जिला परिषद चुनाव में भाजपा की मधु सारवन को किया पराजित**

**अब दीपाली भाजपा के राव इंद्रजीत के पक्ष में ए खुलकर**

**जेजेपी को टाटा और बीजेपी की जॉइनिंग बना हुआ है रहस्य**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव का माहौल गर्म है और कुछ ही समय के बाद विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। नेताओं का अपनी पार्टी सहित पार्टी सुप्रीमो को टाटा कहने और दूसरी पार्टी में जॉइनिंग का सिलसिला बना ही रहता है। ऐसा जब भी होता है पार्टी को टाटा कहना और दूसरी पार्टी की जॉइनिंग सुर्खियां भी बनती है। लेकिन जब चुपचाप पाला बदल लिया जाए या फिर यह साबित किया जाए कि पाला बदल लिया है, इसमें कहीं ना कहीं सवाल भी अवश्य उठाते हैं।

वर्ष 2022 में गुरुग्राम जिला परिषद के पार्षद और अध्यक्ष के चुनाव हुए। यहां अध्यक्ष पद अनुसूचित वर्ग की महिला के लिए आरक्षित रहा तथा इसी कड़ी में वार्ड नंबर 9 भी एससी महिला के लिए आरक्षित रहा। इस वार्ड से जननायक जनता पार्टी की तरफ से दीपाली चौधरी और भाजपा की तरफ से विधायक सत्य प्रकाश के द्वारा मधु सारवन को पार्टी ज्वाइन करवा कर चुनाव मैदान में गया था। दोनों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जननायक जनता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की तरफ से जिला के वरिष्ठ पार्टी नेताओं और पदाधिकारी के द्वारा अपनी पूरी ताकत लगाई गई। अंततः जननायक जनता पार्टी की दीपाली चौधरी कामयाब रही।

यहां यह भी खास बात है कि उम्मीदवार घोषित किया जाने पर दीपाली चौधरी ने चुनाव जीतने के बाद तथा अध्यक्ष बनने के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से अपने पिता पाटोदी पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष और जननायक जनता पार्टी की तरफ से पटौदी विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले दीपचंद के साथ आशीर्वाद लिया। जिला परिषद अध्यक्ष की ताजपोसी होने के बाद दीपाली चौधरी के द्वारा हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम और जननायक जनता पार्टी के सुप्रीमो दुष्यंत चौटाला से भी मुलाकात करते हुए आशीर्वाद लिया गया।

जिला परिषद चुनाव में भी दीपाली का मुकाबला राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भाजपा के साथ ही रहा। अब लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के राव इंद्रजीत के मुकाबले जननायक जनता पार्टी की तरफ से राहुल यादव फाजिलपुरिया को चुनाव मैदान में भेजा गया है। लोगों में जिज्ञासा और हैरानी है कि ऐसा क्या कारण रहा है कि दीपाली चौधरी चुनाव प्रचार के दौरान राव इंद्रजीत सिंह का मंच साझा करती रही? वही कथित रूप से उनके पिता दीपचंद जननायक जनता पार्टी के फाजिलपुरिया के चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। अब जब मतदान में चार दिन ही शेष बचे हैं ऐसे में दीपाली चौधरी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच अपने गले में भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनकर फाजिलपुरिया के विरोध में और भाजपा के राव इंद्रजीत के पक्ष में चुनाव प्रचार करती हुई दिखाई दे रही है।

# अग्रवाल समाज की बेटी स्वाति से गुंडागर्दी पर केजरीवाल, सुशील चुप क्यों : विशाल सिंगला

**अग्रवाल समाज बर्दाश्त नहीं करेगा, आम आदमी पार्टी के दोनों नेता 25 मई से पहले माफी मांगें।**

**लड़की हूं, लड़ सकती हूं कि बात करने कांग्रेस भी क्यों चुप्पी साध रही।**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र, 21 मई।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी के सदस्य और अग्रवाल समाज के अग्रणी नेता विशाल सिंगला ने अग्रवाल समाज की बेटी स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उनके सचिव द्वारा की गई गुंडागर्दी को शर्मसार करने वाली घटना बताते हुए अरविंद केजरीवाल और कुरुक्षेत्र से इंडी एलायंस के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से 25 मई के पहले माफी मांगने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल, सुशील गुप्ता और लड़की हूं, लड़ सकती हूं की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी की चुप्पी अग्रवाल समाज बर्दाश्त नहीं करेगा और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने केजरीवाल और सुशील गुप्ता से तत्काल इस्तीफे की मांग की। श्री सिंगला आज यहां एक होटल में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल सम्मानित सांसद हैं। उनके साथ जो बदसलूकी हुई है, वह देश की पहली घटना है। एक बड़ा ही शर्मनाक मामला है। अग्रवाल समाज आहत है, दुखी है और बहुत ही पीड़ित है। सत्ता के लालच में जो मौन साधा जा रहा है, उससे यह मामला और गंभीर बन गया है। एक मुख्यमंत्री के घर पर हुई इस घटना की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी को इस मामले में स्पष्टीकरण देना होगा। ये ऐसा मामला है, जिसमें केजरीवाल को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। सुशील गुप्ता को भी पार्टी से इस्तीफा दे देना चाहिए। एक मुख्यमंत्री के घर पर उसके सचिव ने यह कारनामा किया, उसके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय लोग चुप हैं, बचाव के उपाय कर रहे हैं। इस अवसर पर अग्रवाल समाज से अंशुल बंसल, गौरव मित्तल, निपुण गोयल, मयूर गुप्ता आदि मौजूद थे।

# हुड्डा के घर रोहतक में भाजपा ने नड्डा के रोड शो से किया 'शक्ति प्रदर्शन'



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के घर रोहतक में 'शक्ति प्रदर्शन' किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में भव्य रोड शो निकाला और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी तीखे हमले किए। श्री नड्डा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच रोड शो में उमड़े जनसैलाब ने बता दिया कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जनसमर्थन बता रहा 'एक बार फिर मोदी सरकार'। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार और देश में एक मजबूत सरकार। जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि हुड्डा को प्रदेश और रोहतक का नहीं, बल्कि सिर्फ अपने बेटे का विकास चाहिए। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक के पावर हाउस से अंबेडकर चौक तक करीब दो किलोमीटर लंबा रोड शो निकाला। इस दौरान उनके साथ रथ पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, अरविंद यादव और रणबीर ढाका मौजूद रहे। रोहतक में भीषण गर्मी के बीच रोड शो के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जगह-जगह फूल मालाओं और फूल बरसाकर स्वागत किया गया। रोड शो मॉडल टाउन, कोऑपरेटिव बैंक, अशोका चौक, सुभाष चौक, सोनीपत स्टैंड होते हुए डॉ. अंबेडकर चौक पर संपन्न हुआ। यहां श्री नड्डा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

रोहतक में भीषण गर्मी के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में वोट देने का संकल्प लिया। जिले में 47 डिग्री तापमान के बीच भाजपा कार्यकर्ता और लोग सड़क पर लंबी-लंबी कतारों में खड़े देखे गए। रोड में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान महिलाएं और बच्चे भाजपा के झंडे लिए दिखाई दिए। सभी ने श्री नड्डा का भव्य स्वागत किया और रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार डॉ अरविंद शर्मा को भारी मतों से जिताने का वादा किया।

**जय श्रीराम के नारे लगे**

रोहतक में आयोजित रोड शो के दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम, अबकि बार 400 पार और तीसरी बार फिर मोदी सरकार के नारे भी लगते रहे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा को बड़े मार्जन से जीत दिलाकर दिल्ली भेजें, वे आपकी आवाज उठाएंगे।

आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत लगातार तेज गति से विकास कर रहा है। दुनिया में भारत का नाम बढ़ा है। इसलिए आप इस बार मोदी जी को 400 पार सीटें देकर मजबूत बनाएं, एक मजबूत सरकार ही मजबूत फैसले लेने में सक्षम होती है। भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों के साथ रोड शो का समापन हुआ।

**रोहतक में गरजे जेपी नड्डा, इस बार 400 पार**

**रोहतक ने बता दिया तीसरी बार फिर बन रही मोदी सरकार**

**हुड्डा को रोहतक का नहीं, सिर्फ अपने बेटे का विकास चाहिए: जेपी नड्डा**

**रोड शो के दौरान नड्डा का जगह-जगह फूल मालाओं से किया गया भव्य स्वागत**

**रथ पर अरविंद शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, रामचंद्र जांगड़ा, मनीष ग्रोवर, अरविंद यादव, रणबीर ढाका मौजूद रहे**

# 23 मई को पीएम मोदी पाली गांव से साधेंगे दक्षिणी हरियाणा

## 22 मई को राजनाथ सिंह और नितिन गड़करी हरियाणा में भरेंगे हुंकार





**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अंबाला और सोनीपत लोकसभा के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महेंद्रगढ़ के पाली गांव में रैली कर दक्षिण हरियाणा को साधेंगे। नरेन्द्र मोदी 23 मई को भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। गांव पाली से प्रधानमंत्री की यह रैली पूरे दक्षिणी हरियाणा को साधने का काम करेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिणी हरियाणा में चुनाव से पहले भी रेवाड़ी जिला में एम्स और गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन अवसर पर भी एक महीने के अंदर दो-दो रैलियां कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह रैली दक्षिणी हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों की जीत को बड़ी जीत में बदलने का काम करेगी। पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी तथा उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी रैलियां करके माहौल को एकतरफा करेंगे।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 मई को महेंद्रगढ़ जिला के गांव पाली में चौधरी धर्मबीर सिंह के समर्थन में रैली करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी भी भिवानी-महेंद्रगढ़, रोहतक और करनाल लोकसभा में हुंकार भरेंगे।

अरविंद सैनी ने बताया कि 22 मई को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी रोहतक लोकसभा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में ग्रेन मार्केट कोसली में 3.30 बजे एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सैनी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इसी दिन तीन रैलियां करेंगे। रक्षा मंत्री की पहली रैली 11 बजे करनाल लोकसभा के घरौंडा में होगी। यहां रक्षामंत्री पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समर्थन में जनता से वोटों की अपील करेंगे।

अरविंद सैनी ने बताया कि राजनाथ सिंह की दूसरी रैली 2 बजे कुरूक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में कलायत में होगी। उन्होंने बताया कि इसी दिन 4 बजे राजनाथ सिंह भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में भिवानी में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी 22 मई को सुबह गुरुग्राम तथा सायं फरीदाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे।


अरविंद सैनी ने बताया कि हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में एकतरफा हो चुका है। हरियाणा की जनता राष्ट्रहित में काम करने वाली भाजपा को अपना मत देने का मन बना चुकी है। श्री सैनी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में जनता ने विपक्ष का सुपड़ा साफ कर हरियाणा में 10 के 10 कमल खिलाकर मोदी जी के पास भेजने के लिए ठान लिया है।

**महेंद्रगढ़ जिला में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की रैली की तैयारियां जोरों पर**

**दक्षिण हरियाणा में नरेंद्र मोदी को लेकर जबरदस्त उत्साह**



# बाबा केदार के गर्भगृह में दर्शन कर रहे सभी लोग, धामी सरकार का फैसला



**समाचार गेट/एजेंसी**

**केदारनाथ।** उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में दर्शन की व्यवस्था को बदल दिया गया है। तीर्थ-पुरोहितों के भारी विरोध के बाद सरकार और प्रशासन को अपना फैसला बदलना पड़ा। आखिरकार, पुष्कर सिंह धामी सरकार ने सभी श्रद्धालुओं के बाबा केदार के गर्भगृह में जाकर दर्शन करने की अनुमति देने का फैसला लिया है। सरकार की अनुमति के बाद केदारनाथ में मंगलवार से सभी तीर्थयात्रियों को घर पर में जाकर बाबा केदार के दर्शन का मौका मिलना शुरू हो गया है। सोमवार को केदारनाथ में प्रशासन और बीकेटीसी के अफसरों की तीर्थ-पुरोहितों के साथ हुई वार्ता के बारे में लिया गया। अभी तक यात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए गर्भगृह की जगह सभा मंडप से ही दर्शन कराया जा रहा था। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चार धाम यात्रा को लेकर सचिवालय में बैठक की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

केदारनाथ धाम में तीर्थ पुरोहितों ने सोमवार को वीआईपी दर्शन का विरोध किया गया। वहीं, सभी यात्रियों को समान रूप से गर्भगृह में दर्शन की मंजूरी देने की मांग की गई। इस पर केदारनाथ यात्रा मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह और बीकेटीसी के एक्जीक्यूटिव अफसर आरसी तिवारी ने डीएम से बातचीत के बाद यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं के गर्भगृह में जाकर दर्शन कराने का निर्णय लिया।

दरअसल, 10 मई को चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से केदारनाथ में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। केदारनाथ में हर रोज करीब 30 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। इसको देखते हुए बीकेटीसी और जिला प्रशासन ने गर्भगृह की जगह सभा मंडप से श्रद्धालुओं को दर्शन कराना शुरू कर दिया था। आरसी तिवारी ने कहा कि मंगलवार से सभी यात्रियों को समान मानते हुए गर्भगृह में बाबा केदार का दर्शन कराया जा रहा है।

**सीएम ने दिया अहम निर्देश**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में बैठक के दौरान चार धाम की यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को पूर्ण सम्मान दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आने वाले हर तीर्थयात्री हमारे अतिथि हैं। उनकी सुविधा और सहूलियत को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। चार धाम यात्रा में लगे सुरक्षाकर्मियों को सीएम धामी ने अनुशासन बनाए रखने की नसीहत दी। सभी यात्रियों के साथ समान व्यवहार बनाए रखने की नसीहत दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीर्थयात्रियों से अमर्यादित व्यवहार की शिकायत न आए। अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर इस प्रकार के मामले आएं तो उसे गंभीरता से लिया जाए।

# धनबाद के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ पार्टी के अंदर बगावत!

**समाचार गेट/एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने धनबाद विधायक राज सिन्हा और विधानसभा क्षेत्र के पांच मंडल अध्यक्षों को शो-कॉज जारी किया गया है। महामंत्री ने लिखा कि जब से धनबाद लोकसभा क्षेत्र से ढुल्लू महतो को प्रत्याशी घोषित किया गया है, सांगठनिक कार्य और चुनाव कार्य में उनकी रुचि नहीं दिख रही है।

राज सिन्हा को दो दिनों अंदर स्पष्टीकरण देने का आदेश


विधायक राज सिन्हा को भेजे पत्र में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि क्षेत्र के चौक-चौराहे पर उनकी ओर से हमेशा पार्टी के खिलाफ नकारात्मक बातें बोली जा रही है। इससे जनता के बीच गलत संदेश जा जा रहा है। इस कारण बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार शो-कॉज नोटिस गया है। राज सिन्हा को दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है कि क्यों नहीं उन्हें पार्टी की सदस्यता से निलंबित किया जाए। प्रदेश महामंत्री की ओर से सोमवार 20 मई को उन्हें शो-कॉज किया गया है।

राज सिन्हा बोले- पार्टी ने गलती की तो मतदाता उसे सुधार करें



इससे बीजेपी विधायक राज सिन्हा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि यदि कोई भी गलत उम्मीदवार किसी बड़ी पार्टी का सदस्य हो तो सिर्फ इस वजह से ही वह वोट पाने का अधिकारी नहीं हो जाता। पार्टी ने गलती की है, तो उस स्थिति में मतदाता को उसे सुधारना चाहिए। वो सोमवार को धनबाद में चित्रगुप्त समाज को संबोधित कर रहे थे। राज सिन्हा ने यह भी आह्वान किया कि मतदान जरूर कीजिए, लेकिन अपने बुद्धि विवेक के कसौटी पर कसकर आपको जो प्रत्याशी अच्छा लगे, जो स्वच्छ छवि का प्रत्याशी हो, उसके पक्ष में मतदान जरूर कीजिए। ऐसे निर्णय न लें, जिससे भविष्य में झेलना पड़े। राज सिन्हा का यह बयान पूरे धनबाद और बोकारो क्षेत्र में तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस बयान के तरह-तरह के अर्थ लगा रहे हैं।

# रेकॉर्ड पर पहुंचने के बाद औंधे मुंह गिरे सोना-चांदी



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी कीमत में भारी तेजी देखने को मिली है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की संभावना और मिडिल ईस्ट में तनाव जारी रहने से सोने की कीमत नए रेकॉर्ड पर पहुंच गई जबकि चांदी का रेट 11 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमत 2,450 डॉलर प्रतिं औंस के नए रेकॉर्ड पर पहुंच गई। हालांकि अंतिम सत्र में मुनाफावसूली से सोने की कीमत में गिरावट देखने को मिली। अक्टूबर से इसमें 35 फीसदी तेजी आई है जबकि पिछले तीन महीने में यह 23 फीसदी चढ़ चुका है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई जबकि सऊदी अरब के राजा सलमान बीमार चल रहे हैं। इससे इन दो देशों में राजनीतिक अस्थिरता पैदा होने की आशंका है। ऐसे में आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और तेजी देखने को मिल सकती है।

इस बीच भारत में सोने और चांदी की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर जून डिलीवरी वाला सोना सुबह 10.30 बजे 601.00 रुपये की गिरावट के साथ 73766.00 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सत्र में यह 74367.00 रुपये पर बंद हुआ था और आज 73790.00 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 73701.00 रुपये तक नीचे और 73922.00 तक ऊपर गया। चांदी की कीमत में भी 2,000 रुपये से अधिक गिरावट आई है। सुबह 10.30 बजे यह 2005 रुपये की गिरावट के साथ 93262.00 रुपये किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 93780.00 रुपये पर बंद हुई थी जबकि आज 93761.00 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में इसने 92798.00 रुपये का न्यूनतम और 93780.00 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ।



## संपादकीय

# खालिस्तानियों का चुनाव लडना, सावधानी जरूरी




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मनों में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडक़ाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमश: आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लडना किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है।

असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है।

इस मामले में सतर्क रहने की भी आवश्यकता है, क्योंकि कहीं चुनावों के माध्यम से अलगाववादी व आतंकी शक्तियां एकजुट होने का प्रयास करती हैं तो इसे सफल नहीं होने देना चाहिए। सांसद सिमरनजीत मान इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं, वो संसद में संविधान की शपथ भी लेते हैं और देश को तोडने.का भी सपना देखते हैं। हाल ही में उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि वे खालिस्तानी तत्वों को विदेश में शरण दिलवाने का काम करते हैं। वे अब तक पचास हजार खालिस्तानी तत्वों को विदेश में राजनीतिक शरण दिलवा चुके हैं और हर केस के पैंतीस हजार रूपये की फीस लेते हैं। सांसद बनने के बाद अगर खालिस्तानी अपने पद का दुरुपयोग करते हैं और विदेशों में भारत को बदनाम करते हैं तो इसको भी रोका जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि जब कोई भारतीय सांसद अपने लैटरहैड पर किसी खालिस्तानी तत्व को पीड़ित बताता है और भारत से उसकी जान का खतरा बताता है तो इससे इस की पुष्टि हो जाती है कि भारत में यह लोग सुरक्षित नहीं। पंजाब में लोग येन, केन प्रकारेण विदेश जाने को ललायित रहते हैं और वे इस तरह के झूठे लैटरहैडों से भी परहेज नहीं करते। ऐसा करते हुए शार्टकट से विदेश जाने के चाहवान भूल जाते हैं कि उनके इस कदम से देश की कितनी बदनामी होती है। देशविरोधी शक्तियों के कुप्रचार को कितना प्रोत्साहन मिलता है? इसलिए पंजाब के अलगाववादियों के चुनाव लडने. के मामले को पूरी सतर्कता से लेने की जरूरत है।

# दादा छाजुवीर आश्रम गुढा में आयोजित श्रीमदभागवत कथा

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** गुढा गांव के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दादा छाजुवीर धर्मसभा आश्रम प्रांगण में द्वितीय श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसका समापन 24 मई को होगा। आश्रम कमेटी की ओर से बताया कि कथा वाचक राधिका किशोरी हैं। जिनकी ओर से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रतिदिन अलग-अलग वर्णन किया जाता है। उन्होंने श्रोताओं को द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव व कंस की कथा का वर्णन किया। कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। गांव के पूर्व सरपंच घनश्याम दास बिरला ने 1992 में इस स्थान को नया स्वरूप देने का कार्य शुरू किया था। उस दौरान यहां पर छोटे से धार्मिक स्थल के अलावा रेतीले टीले, झाड़-बोझे व वीरान जंगल था। ग्रामीणों के सहयोग से यहां पर पेयजल, बिजली, भंडारग्रह, भवन-बरामदा, पेड़-पौधे लगाने का कार्य किया गया। वर्तमान समय में ये स्थान आनायास ही यात्रियों का ध्यान आकर्षित करता है। प्रत्येक बृहस्पतिवार को मेले जैसा माहौल रहता है। दूर-दराज से श्रद्धालु आकर यहां पर प्रसाद अर्पित कर मन्नतें मांगते हैं। उनकी मनोति पूर्ण होने पर रात्री जागरण एवं हवन व भंडारे का आयोजन भी होता है।

# सेहलंग में रात्री के समय कुएं पर पानी पीने गए व्यक्ति से की मारपीट, मौत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** उपमंडल के गांव सेहलंग में नसीहत लगाने के मकसद से एक व्यक्ति से की गई मारपीट में उसका निधन हो गया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ हत्या एवं 3 एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। इस बारे में महेंद्र सिंह वासी सेहलंग ने कनीना सदर थाने में दी शिकायत में कहा कि 19 मई की रात्री समय करीब 10 बजे उसका छोटा भाई प्लाट में सोने गया था। 20 मई को सुबह करीब 7 बजे जितेंद्र उर्फ टुन्ना उनके घर आया ओर बताया कि उसका भाई किरोडी मेरे कुएं पर घायल अवस्था में पडा हुआ है। महेंद्र व उसका लडका अशोक मौके पर पंहुचे तो किरोडी घायल अवस्था में पडा हुआ था। उसके हाथ-पैरों पर जख्म थे ओर रक्तस्नाव हो रहा था। घायल किरोडी ने महेंद्र को बताया कि रात्री के समय उसे प्यास लगी तो वह जितेंद्र उर्फ टुन्ना के कुएं पर पानी पीने के लिए गया था। पानी के लिए जब उसने घडे को छुआ तो जितेंद्र उर्फ टुन्ना ने जातिसूचक गालियां देकर लोहे की रॉड से मारना-पीटना आरंभ कर दिया। महेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी ग्राम सरपंच व एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस से घायल किरोडी को सीएचसी सेहलंग में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे महेंद्रगढ अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। महेंद्रगढ ले जाते समय किरोडी ने दम तोड दिया। उन्होंने कहा कि जितेंद्र उर्फ टुन्ना द्वारा मारी गई चोटों के कारण उसके भाई की मौत हो गई। इस बारे में महेंद्र सिंह ने एक विडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया। कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि महेंद्र सिंह की शिकायत के आधार पर आरोपी जितेंद्र उर्फ टुन्ना के खिलाफ हत्या,3 एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# गर्मियों में सोच-समझकर खाएं अदरक



समाचार गेट/भावना कौशिश

**नई दिल्ली।** सर्दी की अपेक्षा गर्मी में अदरक की कम मात्रा में सेवन करना चाहिए। सर्दी में जैसे आप रोजाना इसका सेवन करते हैं, तो गर्मी में सप्ताह में 3 से 4 बार थोड़ी मात्रा में इसे लेना काफी है।अगर आप इसका रोजाना सेवन करना चाहते है, तो गर्मी में प्रतिदिन 1 से 2 ग्राम अदरक का सेवन काफी है। इस मात्रा में सेवन करने से आपको समस्या भी नहीं होगी और आप इसके लाभ भी उठा पाएंगे।

**पाचन की समस्याएं**

अदरक का अत्यधिक सेवन पेट में अम्लता को बढ़ा सकता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और सीने में जलन अत्यधिक, पेट में जलन, अपच और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। गर्म मौसम में अदरक के अत्यधिक सेवन से आंतों में घाव भी हो सकता है।

**लो ब्लड प्रेशर**

अदरक का अत्यधिक सेवन कुछ लोगों में ब्लड प्रेशर को कम कर सकता है, जिसके कारण चक्कर आना और बेहोशी जैसी समस्या हो सकती है। लो ब्लड प्रेशर के मरीज गर्म मौसम में अदरक का सेवन करने से बचें।

**पाचन की समस्याएं**

अदरक का अत्यधिक सेवन पेट में अम्लता को बढ़ा सकता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स और सीने में जलन अत्यधिक, पेट में जलन, अपच और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। गर्म मौसम में अदरक के अत्यधिक सेवन से आंतों में घाव भी हो सकता है।

# क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए भाजपा को दें वोट : गौरव जैन

## राव इंद्रजीत सिंह की सबसे बड़ी जीत होगी, लोगों में भाजपा के प्रति भारी उत्साह



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग के लोगों का समान विकास करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात क्षेत्र को विकास के मामले मे देश के अन्य जिलों से पीछे नहीं रहने दिया है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी की जिला मीडिया प्रभारी गौरव जैन का उन्होंने नूँह जिले को बड़ी बड़ी परियोजनाएँ देने का काम किया जो क्षेत्र के संपूर्ण विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए नायब सिंह सैनी भी मेवात क्षेत्र के विकास को लेकर बहुत गंभीर हैं। राव इंद्रजीत ने भी गुरूग्राम लोकसभा के विकास को प्राथमिकता दी है। मेवात क्षेत्र को भी अन्य जिलों की तरह तरजीह दी है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे जैसे देश के बड़े एक्सप्रेस वे को मेवात क्षेत्र के बीचों बीच से निकलवाने का काम किया है। आज पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 25 मई को ज्यादा से ज्यादा वोट भाजपा के पक्ष में करने की अपील की। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकास व उन्नति में नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी व राव इंद्रजीत सिंह ही ऐसे एकमात्र विकल्प हैं जो देश-प्रदेश व गुरूग्राम लोकसभा की तकदीर व तस्वीर बदल सकते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आगामी 25 मई को शत-प्रतिशत वोट भाजपा को दें और राव इंद्रजीत सिंह को देश में सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ, फरेब व धोखे की राजनीति की है। पिछले 70 वर्षों में मेवात जिले को पिछड़ा रखने में कांग्रेस का सबसे बड़ा योगदान है। सभी जगह बुजूर्गों, माताओं-बहनों, नोजवानों द्वारा अपार स्नेह व समर्थन देते हुए भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का आश्वासन दिया।

# लोकसभा चुनाव-2024 को मध्येनजर रखते हुये पुन्हाना थाना क्षेत्र में नूंह पुलिस, सिविल प्रशासन व सीआरपीएफ फोर्स के अधिकारियों/ जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**आमजन से शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।**

**निर्भीक होकर करें मतदान-पुलिस अधीक्षक नूंह।**

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाने के लिए नूंह पुलिस के अधिकारियों/जवानों, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों व सिविल प्रशासन ने आज पुन्हाना थाना क्षेत्र में प्रदीप कुमार उप-पुलिस अधीक्षक पुन्हाना व एसडीएम लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया और सभी पुलिस जवानों को चुनाव के दौरान कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए।

इस फ्लैग मार्च के अवसर पर निरीक्षक जसवीर सिंह प्रबंधक थाना पुन्हाना अपने सभी पुलिस कर्मचारियों सहित व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान भी शामिल रहे। इस अवसर पर उप-पुलिस अधीक्षक पुन्हाना प्रदीप कुमार ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस के अधिकारी व जवान पूरी तरह चौकसी व सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च से जहां आम आदमी में सुरक्षा की भावना पैदा होगी वहीं वे निर्भीक होकर मतदान करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों/जवानों से कहा कि चुनाव के दौरान आम आदमी के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग ले और उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाए।

# केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आज कोसली में

**रोहतक से भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ भी होंगे शामिल**



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाडी।** केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडक़री 22 मई को दोपहर एक बजे कोसली की नई अनाज मंडी में रोहतक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के संयोजन में आयोजित होने वाली इस जनसभा में केंद्रीय मंत्री एवं कद्दावर नेता राव इंद्रजीत सिंह तथा तिजारा से भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ भी शामिल होंगे। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि केंद्रीय सडक़एवं परिवहन मंत्री नितिन गडक़री प्रदेश की सबसे होट सीट माने जाने वाली रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को कोसली पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे को चरितार्थ करने तथा नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर पार्टी का बड़े से बड़ा नेता तथा तमाम कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ प्रचार-प्रसार में जुटा है। उन्होंने दावा किया कि डा. अरविंद शर्मा इस बार कोसली विधानसभा क्षेत्र से पहले से अधिक मतों से विजयी होकर लोकसभा में पहुंचेंगे।

# स्कूल बस सडक हादसे में मृतक छात्रों के परिजनों को 1-1 करोड व घायल छात्रों के परिजनों को 50-50 लाख देने की मांग



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के समीप बीती 11 अप्रैल को स्कूल बस सडक हादसे में मारे गए झाडली के 4 तथा धनौंदा के दो सहित कुल छह मासूम विद्यार्थियों 6 सत्यम शर्मा 16 वर्ष निवासी झाडली,युवराज 13 वर्ष,वासी झाडली,यक्षु 13 वर्ष झाडली, वंश उर्फ गोलू 13 वर्ष,वासी धनौंदा, रिंकी उर्फ चीकू 12 वर्ष वासी धनौंदा तथा अंशु 15 वर्ष वासी झाडली के पीडित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर गठित की गई न्याय महापंचायत की ओर से मंगलवार को एसडीएम कार्यालय कनीना के सामने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम के मार्फत प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता को ज्ञापन प्रेषित किया है। इस बारे में बीती 11 मई को उन्हाणी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में महापंचायत का आयोजन कर न्याय महापंचायत का गठन कर शासन-प्रशासन को उनकी जायज मागों को पूरा करने के लिए सप्ताहभर का अल्टीमेटम दिया गया था। जिसकी अवधि पूरी होने के बाद एसडीएम कार्यालय कनीना के सामने धरना दिया गया। ज्ञापन में रखी गई मागों में मृतक विद्यार्थियों के परिजनों को एक-एक करोड तथा घायल विद्यार्थियों को 50-50 लाख रूपये की सहायता राशी प्रदान करने, स्कूल की मान्यता रद्द करने,सडक हादसे की जांच हाई कोर्ट के सीटिंग जज से करवाने, स्कूल के दोषी एमडी को शीघ्र गिरफ्तार करने, मृतक विद्यार्थियों को शहीद का दर्जा देने, स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सिंह लोढा को कष्ट निवारण समिति से तत्काल हटाने, मृतक बच्चो के परिजनों को सरकारी नौकरी तथा आजीवन नि:शुल्क मैडीकल सुविधा,घायल विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा आजीवन उच्च स्तरीय मैडीकल सुविधा प्रदान करने सम्बंधी छह मागें रखी गई। न्याय महापंचायत में अतर लाल, रविंद्र सिंह, किशनपाल, प्रमोद सिंह, रतन लाल, राजेंद्र सिंह, राजबीर सिंह, कैलाश, राधेश्याम गोमला, सुमेर शर्मा, मुखत्यार शर्मा, भगवत दयाल, लालचंद, गिरवर शर्मा, करतार सिंह, महेंद्र सिंह, सजय शर्मा, संदीप सहित अन्य ग्रामीण उपसथित थे।

# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन कर्मचारियों ने किया बैठक का आयोजन




समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के अंतर्गत जन स्वास्थ एवं अभियांत्रिकी विभाग कनीना के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को कनीना के कान्हा पार्क में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुनील यादव ने की। संघ के जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने कहा कि शाखा प्रधान व सचिव पर लाखों रूपये का चंदा एकत्रित कर गोलमाल करने के आरोप लगाए गए थे। जिनकी जांच की गई तो सही पाए गए। जिसे लेकर बैठक भी आयोजित करनी चाही लेकिन लेकिन इन्होंने कोई अमल नहीं किया। इस बारे में संघ के पदाधिकारियों ने अनुशास्नात्मक कार्रवाई करते हुए कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय लिया। इस मौके पर जोगेंद्र शर्मा, सुबेसिंह, महिपाल,राजेंद्र, सचिन,नरेंद्र, बिजेंद्र,नवीन, सतीश,विक्रम उपसथित थे।

# मोडी गांव में जमींन पर कब्जा करने के आरोप में 4 नामजद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव मोडी में जमींन पर जबरन कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने 4 व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में उदयराम वासी घीसा की ढाणी,हाल आबाद मोडी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने मोडी गांव में जमींन की खरीद की हुई जहां 19 मई को कोठडी का निर्माण किया जा रहा था। करीब चार फुट ऊंची दीवारे बनाई जा चुकी थी। रात्री के समय ये दीवार राजकपूर,सावित्री देवी, राजबीर व राजकपूर की पुत्रवधु ने खंडित कर नुकसान कर दिया। उन्हे ऐसा नहीं करने को कहा तो धमकी दी। उन्होंने फवारा पाईप चोरी करने के भी आरोप लगाए। पुलिस थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया किउदयराम की शिकायत पर राजकपूर,सावित्री देवी, राजबीर व राजकपूर की पुत्रवधु के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में

फ़रीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES, JIG FIXTURE GAUGES SPM, POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# सऊदी किंग की बीमारी से तेल के दामों में लग सकती है आग



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमत में सोमवार को तेजी देखने को मिली। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे जाने और सऊदी अरब के राजा की बीमारी से इन देशों में राजनीतिक अस्थिरता की आशंका है। सऊदी अरब के 88 साल के राजा सलमान को फेफड़ों में संक्रमण है। इस कारण क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने जापान की यात्रा स्थगित कर दी है। ईरान और सऊदी अरब तेल के बड़े उत्पादक है। यही वजह है कि कच्चे तेल की कीमत में सोमवार को तेजी रही। हालांकि मंगलवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में मामूली गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड 44 सेंट की गिरावट के साथ 83.27 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 51 सेंट की गिरावट के साथ 79.29 डॉलर पर है। अगर कच्चे तेल की कीमत में इजाफा होता है तो भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत में भी तेजी आ सकती है। देश में अंतिम बार 15 मार्च को पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव हुआ था। तब केंद्र ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में प्रति लीटर दो रुपये की कटौती की थी। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल की कीमत 87.62 रुपये रह गया है।

पिछले हफ्ते क्रूड की कीमत में करीब एक फीसदी तेजी आई। तीन हफ्ते में पहली बार क्रूड की साप्ताहिक कीमत चढ़ी है। दुनिया में तेल के दो सबसे बड़े उपभोक्ताओं अमेरिका और चीन में आर्थिक संकेतकों में सुधार से भी क्रूड की कीमत में तेजी देखने को मिली है। तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक और उसके सहयोगी देशों की एक जून को मीटिंग होने वाली है। इस बीच अमेरिका ने कच्चे तेल की कीमत में हाल में आई गिरावट का फायदा उठाते हुए पिछले हफ्ते 79.38 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर 33 लाख बैरल तेल खरीदा और अपने स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व को फिर से भर दिया। साल 2022 में अमेरिका ने अपने भंडार से काफी तेल बेचा था।

**अपने शहर में आज के भाव यूं जानें**

पेट्रोल-डीजल के भाव रोजाना बदलने की व्यवस्था है। यदि इसमें बदलाव होता है तो सुबह 6 बजे दाम अपने आप अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का आज का रेट आप SMS के जरिए भी जान सकते हैं (How to check diesel petrol price daily)। इंडियन ऑयल के कस्टमर RSP स्पेस पेट्रोल पंप का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल के ग्राहक RSP लिख कर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं, एचपीसीएल के ग्राहक HPPrice लिखकर 9222201122 नंबर पर भेजकर भाव पता कर सकते हैं।

# 18 वर्षों के बाद पत्नी को छोड़कर प्रेमिका से रचाई शादी



**समाचार गेट/एजेंसी**

**बांका।** बिहार में बांका जिले के वैदपुर गांव में एक अधेड़ व्यक्ति ने शादी के 18 वर्षों के बाद अपनी पत्नी को छोड़ कर 20 साल की प्रेमिका शादी कर ली। मामला सामने आने के बाद उसकी पहली पत्नी अपने तीन संतानों के साथ थाना पहुंची। उसने बताया कि पति ने दूसरी शादी करने के बाद उसे और तीनों बच्चों को छोड़ दिया है, जिसके कारण बच्चों का भविष्य संकट में पड़ गया है। महिला ने पुलिस से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

**दवा कंपनी में काम करने के दौरान युवती से मुलाकात और शादी**

पीड़िता ने बताया कि उसका पति विलास हर्बल दवा कंपनी में सेल्समैन का काम करता है। इस क्रम में 20 साल की लड़की से उसकी मुलाकात हुई। पिछले एक वर्ष से विलास पासवान ने घर में पैसा देना बंद कर दिया और अपनी कमाई के पैसे को उस लड़की पर उड़ाने लगा। किसी तरह घर में किराना दुकान चलाकर वो जीविका चला रही हैं।

**पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद कार्रवाई का दिलाया भरोसा**

इस मामले में पुलिस की ओर से छानबीन के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है। हालांकि दो-तीन दिन पहले जब शादी करने के बाद विलास अपने गांव आया, तो बच्चों ने इस पर आपतति जताई। परिवार और गांव वालों की सख्ती के बाद विलास चकमा देकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# सीआरपीएफ की जगह सीआईएसएफ ने संभाला जिम्मा




**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में लगे 1400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से इसकी पूरी जिम्मेदारी सीआईएसएफ ने संभाल ली। इसके 3,300 से अधिक कर्मियों ने इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि संसद में तैनात रहे सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (PDG) ने 17 मई को अपने 1400 जवानों को वापस बुला लिया है। साथ ही अपने सारे वाहन, हथियार और कमांडो भी हटा लिए हैं।

**सीआईएसएफ के 3300 जवानों को सुरक्षा का जिम्मा**

सीआरपीएफ के कमांडर DIG रैंक के अधिकारी ने संसद सुरक्षा से जुड़ी सारी जानकारी सीआईएसएफ को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि पिछले साल 13 दिसंबर को सुरक्षा चूक की घटना के बाद सरकार ने सीआईएसएफ को सीआरपीएफ से सुरक्षा कार्यभार संभालने को कहा था। साल 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर एक बड़ी सुरक्षा चूक में 13 दिसंबर, 2023 को शून्यकाल के दौरान दो व्यक्ति दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे और उन्होंने कैन से पीला धुआं छोड़ा था। इन लोगों को सांसदों ने पकड़ लिया था। उस दिन लगभग उसी समय संसद परिसर के बाहर दो अन्य व्यक्तियों ने नारे लगाते हुए कैन से रंगीन धुआं छोड़ा था।

**सीआरपीएफ के 1400 जवान हटाए गए**

इस घटना के बाद सीआरपीएफ महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही अब तक संसद की संयुक्त रूप से सुरक्षा करने वाले सीआरपीएफ पीडीजी, दिल्ली पुलिस (लगभग 150 कर्मी) और संसद सुरक्षा स्टाफ (पीएसएस) को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ के कर्मी पिछले 10 दिन से परिसर से परिचित होने का अभ्यास कर रहे हैं।

# पैसा मांगने पर महिला दुकानदार को पीट दिया



**समाचार गेट/एजेंसी**

**गाजियाबाद।** यूपी के गाजियाबाद में एक बीजेपी पार्षद और उनके समर्थकों का महिला दुकानदार से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला मोहन नगर का है। दुकानदार की गलती इतनी थी कि उसने सामान खरीदने वाले पार्षद जी से पैसा मांग लिया गया था। इस पर खफा पार्षद सुधीर कुमार अपने समर्थकों के साथ महिला दुकानदार, उसके पति और दोनों बेटों को पीटने लगे। वीडियो में दिख रहा है कि मारपीट की वजह से महिला के कपड़े भी अस्त-व्यस्त हो जाते हैं। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने पार्षद को अरेस्ट कर लिया है। उनके भाई और अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। दुकानदार का आरोप है कि पार्षद सुधीर कुमार यहां दुकान लगाने वालों से हर रोज दो सौ रुपये लेता है। किसी ने मना किया तो उसे धमकी देता है। दुकान भी हटवा देता है। सामान खरीदकर पैसे भी नहीं देता है। पैसे मांगने पर उसने हम लोगों के साथ मारपीट की है।

**पार्षद ने कहा- दुकानदार अवैध शराब बेचता है**

दूसरी ओर, पार्षद सुधीर कुमार का कहना है कि देर रात तक दुकान खुलने का उन्होंने विरोध किया था। दुकानदार अवैध रूप से शराब बेचता है। उन्हें बदनाम करने के लिए यह आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर पार्षद सुधीर, उसके भाई संदीप और अन्य समर्थकों के खिलाफ मारपीट, बलवा, छेड़छाड़ और लूट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बनाई जा रही तीन लेन की सर्विस रोड

**समाचार गेट/एजेंसी**


**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड पर मुख्य सड़क से सर्विस रोड पर एंट्री-एग्जिट तैयार हो रहा। फिलहाल एग्जिट पॉइंट के बोर्ड आदि लगाना शुरू कर दिया गया है। आईएमटी के लिए बनाई जाने वाली एग्जिट पर इस तरह का बोर्ड लग चुका है। फरीदाबाद में बाईपास रोड को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड के रूप में विकसित हो रहा। छह लेन की मुख्य सड़क बनाने के साथ ही दोनों तरफ तीन-तीन लेन की सर्विस रोड भी बनाई जा रही। मुख्य सड़क से सर्विस रोड पर आने-जाने के लिए दिल्ली-आगरा हाइवे की तरह एंट्री-एग्जिट बनेंगे।

**यहां शुरू हुआ बोर्ड लगाने का काम**

NHAI आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेक्टर 30 एत्मादपुर के पास बन रहे फ्लाईओवर, सेक्टर 28 के पास बन रहे फ्लाईओवर, बसेलवा कॉलोनी में खेड़ी पुल के लिए बन रहे फ्लाईओवर, सेक्टर 18-17 के पिछले बन रहे फ्लाईओवर, बीपीटीपी पुल के पास बन रही एलिवेटेड सड़क, सेक्टर दो के पिछले तिगांव पुल के पास बन रहे फ्लाईओवर, सेक्टर दो आईएमटी पुल के पास बन रहे फ्लाईओवर व सेक्टर 62 के पास एंट्री-एग्जिट पॉइंट रहेंगे, क्योंकि अभी रोड व सर्विस रोड पूरी तरह से तैयार नहीं हैं, इसलिए एंट्री व एग्जिट पॉइंट पूरी तरह से विकसित नहीं हुए हैं, लेकिन जिन जगहों पर एंट्री व एग्जिट होगी, उसके पास बोर्ड लगाने का काम शुरू हुआ है।

**एंट्री और एग्जिट पॉइंट विकसित किए जा रहे**

आईएमटी के लिए दी जाने वाली एग्जिट पॉइंट के लिए बोर्ड लगाए गए हैं। दूसरी जगहों पर भी यह काम किया जा रहा है। NHAI अधिकारियों ने कहा कि लोगों की सुविधा के अनुसार एंट्री और एग्जिट पॉइंट विकसित किए जा रहे हैं। रोड तैयार होने के बाद इन एंट्री और एग्जिट पॉइंट को शुरू किया जाएगा।




# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने हर भारतीय को बनाया सूदृढ़ : कृष्णपाल गुर्जर

## जाट व मुस्लिम बाहुल्य गांवों में भाजपा प्रत्याशी को मिला अपार जनसमर्थन

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ-सबका विकास की नीति के तहत हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार द्वारा ऐसी अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई है, जिसका लाभ आज हर वर्ग उठा रहा है। आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना सहित ऐसी अनेकों योजनाएं है, जिसने हर भारतीय को आर्थिक रुप से सुदृढ बनाने का काम किया है। आज पूरे विश्व की नजर भारत में होने वाले चुनावों में लगी हुई है क्योंकि यह चुनाव भारत के भविष्य को तय करेगा।

श्री गुर्जर आज अपने चुनावी अभियान के तहत जाट बाहुल्य गांव बहीन और जैदापुर में ग्रामीणों द्वारा आयोजित जनसभा में मौजिज सरदारी को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गांव के गणमान्य लोगों ने श्री गुर्जर का सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर और दोनों हाथ उठाकर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया।

जनसभा में श्री गुर्जर ने लोगों से भावनात्मक रुप से जुड़ते हुए कहा कि मैं आप लोगों के बीच का ही हूं और दस सालों के दौरान मैंने समाज की छत्तीस बिरादरी को सम्मान देने का काम किया है और अगर जाने-अनजाने मेरे वक्तव्यों से किसी की भावनाएं आहत हुई है तो मुझे अपना भाई-बेटा समझकर मेरी गलती को अनदेखा करके मुझे अपना आर्शीवाद देने का काम करे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भविष्य में कभी आपको शिकायत का मौका नहीं दूंगा। इस दौरान उनके साथ मुख्य रुप से विधायक दीपक मंगला, प्रवीन डागर, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत आदि मौजूद रहे। जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने बिना भेदभाव समान रुप से हर वर्ग का उत्थान किया है। उन्होंने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज देश



के 81 करोड़ लोगों को हर माह पांच किलो राशन दिया जा रहा है, चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान बनाकर दिए गए वहीं उज्जवला योजना के तहत दस करोड़ महिलाओं को रसोई गैस उपलब्ध करवाई गई, आज गरीब व्यक्ति आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज करवा सकता है, 11 करोड़ महिलाओं को शौचालय बनवा दिए गए वहीं पहली बार गर्भवती होने वाली महिला को पांच हजार रुपए आहार के रुप में दिए जाते है। ऐसी अनेकों योजनाएं है, जिसका लाभ देश के लोगों को मिल रहा है, जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार का बोलबाला था, उन्हें गरीबों की कोई चिंता नहीं थी। लेकिन मोदी सरकार ने गरीबों की चिंता की और उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियानवित की।

श्री गुर्जर ने कहा कि आज कांग्रेस हाशिये पर है, वह देश की पूरी सीटों पर चुनाव भी नहीं लड़ रही है, बस इसी गणित में व्यस्त है कि जैसे-तैसे इज्जत बचाने लायक सीटें आ जाए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगर वह विकास के इस दौर को आगे जारी रखना चाहते हैं तो आने वाली 25 मई को कमल के निशान का बटन दबाकर देश में फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प लें। इसके अलावा श्री गुर्जर ने मुस्लिम बाहुल्य गांव कोट व उटावड में भी चुनावी सभाओं को संबोधित किया। सभाओं में उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से आह्वान किया कि वह बहुत उम्मीद लेकर उनके पास समर्थन मांगने आए है, आपने उनको बहुत मौके दिए है, अबकि बार आप मुझे मौका दे, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कभी आपको शिकायत का मौका नहीं दूंगा। इस पर मुस्लिम समाज के मौजिज लोगों ने एक स्वर में श्री गुर्जर के पक्ष में हुंकार भरते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके समाज का एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में जाएगा क्योंकि कृष्णपाल को दिया गया एक-एक वोट सीधे तौर पर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगा और मोदी कैबिनेट में फरीदाबाद को भागेदारी दिलाएगा।

इस मौके पर विधायक दीपक मंगला, प्रवीण डागर, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत ने संयुक्त रुप से कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने संसदीय कार्यकाल में बिना भेदभाव समान रुप से विकास करवाया है, पलवल, होडल, हथीन क्षेत्र को श्री गुर्जर ने विकास की मुख्यधारा से जोडने. में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद से लेकर करमन बॉर्डर तक आज इतने विकास हुए है, जितने विकास कभी पूर्व की सरकारों में नहीं हुए। उन्होंने श्री गुर्जर को विश्वास दिलाया कि इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों से लोग उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर तीसरी बार संसद में भेजने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला परिषद मनोज रावत, चौ. सहज रावत, योगेंद्र सहरावत, तेजपाल यादव, पदम सरपंच, ब्लाक चेयरमैन भगत सिंह, लेखराज सहरावत, मुकेश डागर, गदपुरी सरपंच नीरज तंवर, विष्णु भारद्वाज, लक्ष्मी सहरावत, हेमराज, रविन्द्र सहरावत, गजराज नंबरदार, विक्रम सरपंच, धर्मदेव शास्त्री, आजाद सरपंच, टीनू शास्त्री, रणजीत, गंगादास, आलीशेर हुसैन, अज्जी हुसैन, सरपंच बिलाल जी, आलीमेव के सरपंच जालू, लेखराज सहरावत, गिर्राज मेम्बर, बलजीत डागर, हरिकिशन डागर, प्रसादी लाल, देवेंद्र सरपंच, पवन पहलवान, हुकम सिंह सरपंच, अजय डागर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भारत में सूचना क्रांति स्व. राजीव गांधी की देन : बलजीत कौशिक

## कांग्रेसी नेताओं ने दी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि जिले के कांग्रेसी नेताओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा को गंगाजल से साफ करके उस पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी अमर रहे, सोनिया गांधी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए बलजीत कौशिक ने कहा कि राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। इतना ही नहीं बल्कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने ही किया। श्री कौशिक ने कहा कि मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में राजीव गांधी के सहयोग को नकारा नहीं जा सकता, आज भारत देश जो उन्नति के शिखर पर पहुंचा है, उसकी नींव राजीव गांधी द्वारा ही रखी गई थी। श्री कौशिक ने कहा कि राहुल गांधी स्व. राजीव गांधी के सपनों को साकार करने में जुटे है और उन्नत भारत निर्माण में अपना योगदान दे रहे है क्योंकि कांग्रेस पार्टी इस देश के विकास के लिए सदैव समर्पित रही है और समर्पित रहेगी। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी जी के आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हुए देश व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विनोद कौशिक अध्यक्ष, विचार विभाग, हरियाणा कांग्रेस, विनय नाथ, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, योगेश तंवर, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता फागना, अजय शर्मा, राजा सैनी, रोहित सैनी, कृष्ण शर्मा, जवाहर ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# सूरजपाल भूरा ने किया गांव-गांव जनसंपर्क अभियान कृष्णपाल गुर्जर के लिए मांगे वोट

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**फरीदाबाद।** सरपंच जिला एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल भूरा ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में डोर टू डोर जन संपर्क अभियान के तहत बीजेपी के लिए गाँव शाहपुर कला, डीग, प्रह्लादपुर, समयपुर एवं फिरोजपुरकलां में घर-घर जाकर वोट की अपील की। सभी लोगो ने चौधरी कृष्णपाल गुर्जर जी को देश में सबसे ज़्यादा वोटों से जिताने का संकल्प लिया।



जानकारी के लिए बता दें कि सूरजपाल भूरा ने चांदपुर में आयोजित रैली के दौरान भी सरपंच जिला एसोसिएशन की तरफ से कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में वोट देने के लिए अपील की थी।

सूरजपाल भूरा के अनुसार वह लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की जीत के लिए अपने क्षेत्र में घर-घर प्रचार के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं। गांव-गांव जाकर पंच, सरपंच कार्यकर्ताओं के साथ गुर्जर की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार बैठकें भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी पर लोगों को पूरी तरह से विश्वास है और इस बार 400 पार का जो नारा बीजेपी ने दिया है उसे सार्थक करके दिखाएंगे एवं लोकसभा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर को भारी बहुमत से विजयी बनाएंगे।

# कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड व 4 सिल्वर मेडल जीते

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ग्रुरुग्राम में आयोजित हुई एस.के.एस.आई नेशनल करांटे प्रतियोगिता में फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाडियों ने 3 गोल्ड और 4 सिल्वर मेडल हासिल किए। आरटूएफ एकेडमी के कोच दिवाकर सैनी ने सोमवार को बताया कि प्रतियोगिता में स्वाति डागर,राज डागर,दीपू झाड़सेतली ने गोल्ड व सुपर बेल्ट पर



कब्जा किया। वहीं वंश सैनी अटाली ने सिल्वर मेडल,तनु,भारत,प्रिंस मच्छर ने सिल्वर मेडल हासिल किया। खिलाडियों को एकेडमी पहुंचने पर फूल मालाऐं डालकर व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंनें कहा कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन किया और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि विजेता खिलाडी नैनीताल में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगें।

## वंडर वर्ल्ड स्टोरी झरोखों से

# भोला मालिक और चतुर मुनीम

**समाचार गेट ब्यूरो**

नारायणदास जी एक प्रतिष्ठित व्यापारी थे जिनकी शहर में अच्छी खासी साख थी। उनके व्यापार में तरक्की के झंडे गाड़ने में उनके सटीक निर्णय और ईमानदारी का बड़ा हाथ था। लेकिन उनके व्यापार की असली रीढ़ था उनका मुख्य अकाउंटेंट, हरिमोहन। परंतु, हरिमोहन की कथनी और करनी में बड़ा अंतर था जिसे नारायणदास जी ने वर्षों तक नहीं समझा।



हरिमोहन, नारायणदास जी के व्यापार में पिछले पंद्रह वर्षों से कार्यरत था। दिखने में साधारण, परन्तु बुद्धि में तीव्र हरिमोहन ने धीरे-धीरे नारायणदास जी का विश्वास जीत लिया था। लेकिन उसकी नीयत में खोट थी। अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए उसने व्यापार के पैसों का गबन करना शुरू कर दिया। हरिमोहन ने अपनी बुद्धिमानी और चालाकी से नारायणदास जी की नज़रों से बचते हुए काफी धन संचय कर लिया था।

हरिमोहन जानता था कि ईमानदारी की आड़ में उसने जो खेल खेला है, वह ठीक नहीं था। फिर भी उसने धीरे-धीरे व्यापार के पैसों से एक शानदार बंगला खरीदा, महंगी गाड़ियाँ लीं और बैंक में करोड़ों रुपए जमा कर लिया। उसने यह सब इस तरह से किया कि नारायणदास जी को कभी कोई शक नहीं हुआ।

वर्षों तक चली इस धोखाधड़ी का पर्दाफाश तब हुआ जब एक दिन नारायणदास जी को अपने खातों में भारी अनियमितता नजर आई। उन्होंने तुरंत एक ऑडिट टीम बुलाई और जांच शुरू कराई। जैसे ही जांच पूरी हुई, सच्चाई सामने आई और हरिमोहन की चालाकी का भंडाफोड़ हुआ। नारायणदास जी ने हरिमोहन को अपने ऑफिस में बुलाया।

हरिमोहन, मुझे तुमसे यह उम्मीद नहीं थी। तुमने मेरे विश्वास का गला घोंट दिया, नारायणदास जी ने क्रोधित स्वर में कहा।

हरिमोहन ने शांत स्वर में उत्तर दिया, मालिक, मुझे जो चाहिए था, वह मैंने पा लिया है। धन, दौलत, सब कुछ मेरे पास है। अब मेरी लालच खत्म हो चुकी है।

नारायणदास जी का चेहरा क्रोध से लाल हो गया, तो तुम यह कहना चाहते हो कि तुम्हारी लालच खत्म हो गई है और इसलिए मैं तुम्हें माफ कर दूं?

हरिमोहन ने दृढ़ता से कहा, मालिक, आप मुझे नौकरी से निकाल सकते हैं, लेकिन सोचिए जरा कोई नया अकाउंटेंट आएगा और वही करेगा जो मैंने किया है फिर से वही क्रिया दोहराए । मेरे लिए अब धन की कोई आवश्यकता नहीं है। मैं अब आपके साथ ईमानदारी से काम करूंगा।

नारायणदास जी सोच में पड़ गए। हरिमोहन की बात में सच्चाई थी। उन्होंने एक गहरी सांस ली और बोले, ठीक है, हरिमोहन। अगर तुम्हारी लालच सचमुच खत्म हो चुकी है और तुम अब ईमानदारी से काम करने के लिए तैयार हो, तो मैं तुम्हें एक मौका और दूंगा।

हरिमोहन ने सिर झुकाकर कहा, धन्यवाद, मालिक।

इस घटना के बाद हरिमोहन ने सचमुच अपनी लालच छोड़ दी और पूरी निष्ठा से नारायणदास जी के साथ काम करने लगा। नारायणदास जी ने भी अपने व्यापार के सुरक्षा उपाय और कड़े कर दिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो सके। इस प्रकार, एक व्यापारी और उसके अकाउंटेंट की कहानी एक नई दिशा में बढ़ी, जहां विश्वास और ईमानदारी की नई परिभाषा लिखी गई।

# लोकसभा चुनाव मध्यनजर निरंतर जारी फ्लैग मार्च अभियान अंतर्गत जिला पुलिस बल ने होडल विधानसभा क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च



**फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर/भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।**

**चुनाव प्रक्रिया में किसी भी अराजक तत्व ने विघ्न डालने की कोशिश भी की तो खैर नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी डॉक्टर अंशु सिंगला**

**ईवीएम स्ट्रांग रूम केंद्र का भी दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश।**

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलवल पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला, भा०पु०से० के स्वयं नेतृत्व में लोकसभा चुनाव मध्यनजर जिला पुलिस बल का फ्लैग मार्च अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज मंगलवार एसपी महोदया की अगुवाई में भारी पुलिस बल ने होडल विधानसभा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च होडल मेंन मार्केट, हसनपुर चौक, बेड़ा पट्टी, गोडोता,पैंगलतु एवं खिरबी आदि गांव से होकर गुजरा। उच्च पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च में स्वयं एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला, जिला पुलिस के चुनाव नोडल अधिकारी श्री दिनेश यादव डीएसपी पलवल सहित भारी पुलिस बल ने भाग लिया। इससे पूर्व एसपी महोदया ने डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज पलवल में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम केंद्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय पलवल श्री नरेश कुमार एवं डीएसपी पलवल एवं चुनाव नोडल अधिकारी श्री दिनेश कुमार भी साथ रहे।

फ्लैग मार्च पर एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। चुनाव घोषणा उपरांत हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिला पलवल में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस टीमों ने पलवल के होडल एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य अराजक तत्वों में भय व्याप्त करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भीक होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

अफवाहों पर ना दें ध्यान - एसपी ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें। यदि उन्हें किसी भी तरह की समस्या का सामना करना पड़े तो वे तुरंत पुलिस प्रशासन को 112 पर सूचित करें। साथ ही उन्होंने असमाजिक तत्वों को साफ आगाह किया कि अगर चुनाव में किसी तरह के असमाजिक कार्य करने की मंशा रखते है तो संभल जाए वरना पुलिस सख्त से कदम उठाएगी।

# 2 मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 2 पीओ आरोपियों पर कसा शिकंजा



**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**हथीन।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला, आईपीएस के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान भगोड़ा पीओ एवं बेल जंपर की धरपकड़ बारे चलाया हुआ है इसी अभियान के मद्देनजर थाना बहीन प्रभारी महिला निरीक्षक रेनू शेखावत की टीम टीम में तैनात हेड कांस्टेबल सुखबीर एवं उप निरीक्षक हरिओम सिंह ने वर्ष 2018 के गोकशी एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज मामले में अदालत द्वारा उद्घघोषित गांव उटावड निवासी आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ संबंधित थानों में पुलिस द्वारा आईपीसी की धारा 174 ए के तहत एक अन्य मामला दर्ज कर नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों को पेश अदालत किया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने कोसली व जाटूसाना क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना कोसली व जाटूसाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रबंधक थाना कोसली निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, प्रबंधक थाना जाटूसाना निरीक्षक भगवत प्रसाद, लाईन अफसर निरीक्षक विक्रम सिंह एवं बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट प्रताप सिंह द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च में बीएसएफ व पुलिस के जवान शामिल रहे।

फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई।

कोसली क्षेत्र में फ्लैग मार्च गुडियानी से शुरू होकर गुगोढ़, काहन्डवास, कोसली गांव, धनिया मोड़, कस्बा कोसली एरिया में निकाला गया।

इसी क्रम में जाटूसाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च जाटूसाना से शुरू होकर परखोतमपुर, बेरली कंला, मोतला कंला, कहाड़ी, रामपुरी, फतेहपुरी, दड़ोली, खुशपुरा, बालधन कंला एरिया में निकाला गया।



डीएसपी कोसली जय सिंह ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

## मिड डे मील कार्यकर्ताओं को पूरे वर्ष की मिले सेलरी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**


**रेवाडी।** सरकारी स्कूलों में सेवारत मिड डे मील कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूलों में बायोमेट्रिक हाजरी के फैसले को वापिस लिए जाने को कर्मियो की जीत बताया। केंद्रीय श्रमिक संगठन ए आई यू टी यू सी के राज्य प्रधान कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश की मिड डे कर्मियो को वर्ष में केवल 10 माह का ही मेहनताना ही दिया जाता है, उन्हें बकाया दो माह का वेतन और दिया जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार गर्मी ,सर्दी की छुट्टियों का मेहनताना इसलिए नहीं दिया जाता,क्योंकि सरकार का कहना है कि स्कूल बंद होने के कारण मानदेय नहीं दिया जाता। कॉमरेड सिंह ने कहा कि क्या छुट्टियों में मिड डे कुक को भूख लगनी बंद हो जाती है। स्कूलों में सेवारत सभी कर्मियो को वेतन मिलता है तो मिड डे मील कार्यकर्ता के साथ यह अन्याय क्यो है।

# सी-विजिल एप पर प्राप्त सभी 54 शिकायतों का किया समाधान : डीसी

### टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर प्राप्त सभी 749 कॉल का किया त्वरित समाधान

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाडी।** जिला में 18वें लोकसभा आम चुनाव से संबंधित सी-विजिल एप व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर प्राप्त हो रही ऑनलाइन शिकायतों व कॉल्स का जिला प्रशासन की ओर से त्वरित निपटान किया जा रहा है। अभी तक जिला रेवाड़ी में सी-विजिल एप पर प्राप्त हुई 54 शिकायतों सहित 1950 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त हुई 749 कॉल्स का निपटारा किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि सी-विजिल एप भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख मोबाइल एप्स में से एक है, जिस पर कोई भी आम नागरिक चुनाव में आदर्श आचार संहिता की अवहेलना से संबंधित शिकायत कर सकता है। रेवाड़ी जिला में उक्त एप पर कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 54 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है, जबकि 9 शिकायतें मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबधित नहीं पाई गईं। उन्होंने बताया कि जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अनेक टीम बनाई गई हैं।



डीसी ने बताया कि सी-विजिल पर जब भी कोई शिकायत आती है तो कंट्रोल रूम से तुरंत उस इलाके की एफएसटी टीम को भेज दिया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार एक शिकायत का निपटारा सौ मिनट में किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा किए जाने के बाद ही रेवाड़ी लघु सचिवालय में टोल फ्री नंबर 1950 को सक्रिय कर दिया गया था। इस नंबर पर अब तक 749 कॉल प्राप्त हुई, जिनमें से सभी का समाधान किया जा चुका है। इनमें से अधिकांश मतदाता पहचान पत्र, वोटर आईडी कार्ड बनवाने, पोलिंग बूथ के बारे में पूछताछ करने और मतदाता पहचान-पत्र के बारे में थी।

# नाओमी कैंपबेल की 45वीं जन्मदिन की पार्टी में भी शामिल हुई



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऐश्वर्या राय और कियारा आडवाणी जैसी एक्ट्रेसेस के कान 2024 में चमक बिखेरने के बाद जैकलीन भी इस लिस्ट में शामिल हो गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने कान फिल्म फेसटिवल के चल रहे 77वें सेलिब्रेशन में शिरकत की और अपने कस्टम मेड गाउन लुक से सबको चौंका दिया। एक्ट्रेस बीएमडब्ल्यू के साथ अपने सहयोग के जरिए कान फिल्म फेसटिवल में भारत को रिप्रेजेंट कर रही हैं। जैकलीन सोमवार को पहली बार कान के रेड कार्पेट पर चलीं। उन्होंने एक गाउन पहना था, जो उनकी फिट बॉडी को बेहतरीन तरीके से शो कर रहा था। मिकेल डी कॉउचर के पिंक कस्टम गाउन में वो बहुत सुंदर लग रही थीं।

जैकलीन फर्नांडीज के फैंस उनकी पहली झलक देखकर बहुत खुश हुए और सोशल मीडिया को प्यारे कमेंट्स से भर दिया। एक यूजर ने लिखा, वह बहुत खूबसूरत और क्लासी लग रही हैं। दूसरे ने लिखा, हॉट जैकी दिख रही है। एक यूजर ने लिखा, अरे वाह बहुत खूबसूरत।

फिल्म फेसटिवल में जाने से पहले, जैकलीन ने इसके बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, मैं इस साल एक बार फिर बीएमडब्ल्यू के सहयोग से कान फिल्म फेसटिवल में जाने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं और मैं इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती। रेड कार्पेट पर चलना एक सम्मान की बात है, जहां पहले ही कई दिग्गज चल चुके हैं।

यह पहली बार नहीं है जब जैकलीन कान्स में होंगी। 2015 में, उन्हें मलेशिया की रानी ने इनवाइट किया था और वह एक नाव पर नाओमी कैंपबेल की 45वीं जन्मदिन की पार्टी में भी शामिल हुई थीं।

# ज्ञानेन्द्र भारद्वाज के संयोजन में हुआ भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का भव्य स्वागत




**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** युवा भाजपा नेता ज्ञानेन्द्र भारद्वाज द्वारा सेक्टर-22 बल्लभगढ़ में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में बल्लभगढ़ के वार्ड नंबर-चार के कौने-कौने से हजारों लोगों ने शिरकत की। जनसभा में पहुंचे केंद्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर एवं कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा का ज्ञानेन्द्र भारद्वाज के संयोजन में पगड़ी पहनाकर एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। वहीं जनसभा में मौजिद लोगों ने दोनों हाथ उठाकर श्री गुर्जर को अपना समर्थन देते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। लोगों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव न मोदी जी के लिए है न कृष्णपाल के लिए है बल्कि यह चुनाव देश के भविष्य के लिए है। 2014 से पहले का भारत क्या था और आज दस साल बाद भारत कहां खड़ा है। देश को मोदी के रूप में ईमानदार व मजबूत प्रधानमंत्री मिला है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है। ये भारत मोदी ने बनाया है, जो न किसी के सामने झुकेगा और न ही दबेगा बल्कि पूरी ताकत से समाज को बांटने वाली बुराईयों का सामना करेगा इसलिए मजबूत भारत को और मजबूत करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करे। इस मौके पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से बल्लभगढ़ क्षेत्र में दस सालो में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जहां शहर में सडक़ों का जाल बिछाया गया वहीं फ्लाईओवर बनाए गए, बल्लभगढ़ की हर गली में लोगों को पीने के पानी उपलब्ध करवाया गया और सीवरेज की व्यवस्था भी बेहतर की गई। उन्होंने कहा कि यहां लगने वाले जाम से भी निजात दिलाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि बल्लभगढ़ क्षेत्र की जनता इस विकास रुपी ऋण को उनके समर्थन में मतदान करके चुकाएगी और उन्हें तीसरी बार फरीदाबाद से जिताकर मोदी कैबिनेट में भेजने का काम करेगी। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक ज्ञानेन्द्र भारद्वाज ने भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि आज पूरा देश मोदी जी की नीतियों में आस्था जता रहा है और फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में पिछले दस सालों में हुए रिकार्ड तोड़ विकास कार्यो की बदौलत जनता उन्हें रिकार्ड मतों से विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी। इस मौके भाजपा जिला सचिव गोल्डी अरोड़ा, प्रमोद गिल, लक्ष्मण सिंह, आकाश, राजकुमार शर्मा, अनन्त हरिदासी मीनू शर्मा (वृंदावन धाम), राम महर, राकेश देशवाल, अनुराग गर्ग, कुलदीप माथारू, ज्योति कपूर, अर्चना शर्मा, सुरेश कुमार, राजकुमार अरोड़ा, सुरेश गर्ग, सुरेश अग्रवाल, बबलू यादव, हरीश भारद्वाज, शिवम खस, राजवीर बैंसला, ललित भारद्वाज, कार्तिक वाशिष्ठ, चेतन शर्मा, रंजीत सिंह, सुखवीर पंचाल, सतपाल ठाकुर, अमरदीप सोनी सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गुल्लक के पिछले तीन सीजन्स को खूब पसंद किया गया

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लाइट हार्टेड फैमिली शो गुल्लक फिर से नए कलेवर के साथ आ रहा है। इसके पहले के तीन सीजन जबरदस्त रहे। और अब इसका चौथा सीजन 7 जून से सोनी लिव एप पर स्ट्रीम होने जा रहा है। इसमें इस बार हनु भैया की नहीं, बल्कि छोटे बेटे अमन की कहानी देखने को मिलेगी। जो जवान हो चुके हैं और उन्हें इश्क हो गया है, जिस कारण वह थोड़ा बहक गए हैं और उन्हें रास्ते पर लाने के लिए मिश्राजी अपने बड़े बेटे के साथ तिकड़म चल रहे हैं।



गुल्लक सीजन 4 की गुड न्यूज एक्टर्स ने दी है और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। यह लाइट हार्टेड फैमिली एंटरटेनर शो है, जिसे श्रेयांश पांडे ने बनाया और निर्देशित किया है, जिसमें जमील खान, गीतांजलि कुलकर्णी, वैभव राज गुप्ता और हर्ष मायर हैं। इस बार इसमें हेली शाह भी दिखाई देंगी, जिनका चक्कर हनू भैया के साथ चलता दिखाई देगा।

इसके अलावा टीवीएफ के पहले साप्ताहिक शो वेरी पारिवारिक को भी दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इसके अलावा उन्होंने पंचायत सीजन तीन, अपनी पहली कन्नड़ फिल्म पाउडर और सिस्टर्स के नए सीजन की घोषणा की है। यह साफ है कि TVF ने खेल को बदल दिया है और पंचायत, गुल्लक, एस्पिरेंट्स और कई अन्य जैसे शो के साथ कंटेंट की दुनिया में खुद को मजबूती से स्थापित किया है।

# श्रीकांत फिल्म के कलेक्शन में तगड़ी उछाल दिखी

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर इसका असर बहुत खास नहीं दिख सका है। हालांकि, इस फिल्म की कमाई में अपने दूसरे रविवार को तगड़ी उछाल नजर आई है जो पहले वीकेंड की कमाई के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। फिल्म श्रीकांत एक ऐसे दृष्टिबाधित लड़के की कहानी है, जिसके रास्ते ये शारिरीक कमी कभी रोड़ा न बन सकी। एक नॉर्मल बच्चों से कई गुना तेज दिमाग वाला श्रीकांत भले देख पाने में सक्षम नहीं, लेकिन उसका दिमाग कम्प्यूटर से भी ज्यादा तेज है। ये कोई और नहीं बल्कि बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की असली कहानी है, जिसने न केवल एजुकेशन सिस्टम को बदला बल्कि कइयों के लिए वो मिसाल बन गए। श्रीकांत बोला के किरदार में राजकुमार राव ने लोगों के दिलों को करीब से छुआ है। इसके अलावा नई फिल्म कर्तम भुगतम की हालत पहले दिन से ही पतली है।

फिल्म में अलाया एफ, शरद केलकर के अलावा ज्योतिका भी हैं, जो उनकी टीचर की भूमिका में नजर आई हैं और राजकुमार यानी श्रीकांत उन्हें यशोदा मां कहकर बुलाते हैं। दूसरे रविवार को फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने 10वें दिन जबरदस्त छलांग लगाई है। करीब



40-50 करोड़ के बजट में बनी फिल्म श्रीकांत ने कुल मिलाकर अब कर 25 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। अपनी लागत वसूल पाने के लिए इस फिल्म को अभी और मेहनत करनी होगी।

इस फिल्म ने 10वें दिन 4 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो पहले सोमवार से लेकर दूसरे शनिवार तक की कमाई की तुलना में सबसे अधिक है। कुल मिलाकर इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने करीब 26.1 करोड़ रुपये की कमाई की है।

वहीं इस फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो इसने 32.50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। विदेश में इस फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिल पाया है और इसने करीब 2.40 करोड़ का ही कलेक्शन इतने दिनों में किया है।

# प्रवर्तन निदेशालय ने एल्विश के अलावा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया

**समाचार गेट/एजेंसी**

**मुंबई।** एलविश यादव की मुसीबत कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। सांपों के जहर की तस्करी के आरोप के बाद अब वह मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी शामिल हो गए हैं। उनका नाम इस में आया है। और ईडी के लखनऊ जोनल ऑफिस से उन्हें जल्द ही पूछताछ के लिए फरमान आ सकता है क्योंकि टीम इस बारे में विचार कर रही है। नोएडा में नंवबर महीने में दर्ज हुए मामले के बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस रजिस्टर्ड किया गया है।



धन शोधन निवारण अधिनियन भी कहते हैं, उसके तहत जांच शुरू की है। सांपों के जहर बेचने वाले मामले में ईडी एलविश यादव को समन भेज सकती है। नवंबर, 2023 में नोएडा सेक्टर-5ा में रेव पार्टी में जहर सप्लाई करने का मामला सामने आया था। जिसमें यूट्यूबर को आरोपी पाया गया था। मार्च, 2024 में वह जेल भी गए थे। अब वह जमानत पर बाहर हैं प्रवर्तन निदेशालय सांप के जहर के बिजनेस से मिले कथित पैसों और रेव पार्टियों को करने के लिए अवैध धन के इस्तेमाल की जांच करेगा। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एलविश यादव और सांप के जहर मामले से जुड़े अन्य आरोपियों से प्रवर्तन निदेशालय पूछताछ करेगा। सांप के जहर का मामला पिछले साल नवंबर में एनजीओ पीपल फॉर एनिमल्स (पीएफए) द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया और जमानत पर रिहा कर दिया गया। वहीं, यूट्यूबर पर नोएडा पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत मामला दर्ज किया था। लेकिन बाद में एन डी पी एस एक्ट हटा दिया गया था। पुलिस ने कहा था कि उनसे गलती से ये एक्ट लग गया था।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादकः कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# सदियों से चली आ रही परंपराओं का सम्मान किया जाना जारी

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हमारे यहां सदियों से चली आ रही परंपराओं का सम्मान किया जाना जारी है। हालांकि, बदलते वक्त के साथ संबंध और बच्चे पैदा करने को लेकर जोड़ों की सोच में भी बदलाव देखा जा सकता है। लिव-इन का कॉन्सेप्ट बढ़ा है, तो शादी के बाद जल्दी या बिल्कुल भी बच्चा नहीं करने की सोच को भी विकल्प के रूप में अपनाया जा रहा है। इसी के साथ संबंध बनाने को लेकर भी वैचारिक रूप से बदलाव नजर आ रहे हैं।



इन सबके बीच में गर्भधारण से बचाने वाले उपायों के इस्तेमाल और बिक्री ने भी तेजी पकड़ ली है। इनमें से एक विकल्प गर्भ-निरोधक गोलियां हैं। हालांकि, इन्हें लेने वाली ज्यादातर महिलाओं और इन्हें उपलब्ध करवाने वाले पुरुष साथी को इस बारे में जानकारी नहीं है कि ये छोटी सी गोली किस तरह से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी गहरा प्रभाव डाल सकती है।गर्भनिरोधक गोली का सेवन करना महिलाओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है। ये न सिर्फ गर्भधारण को रोकने का तरीका है, बल्कि उन्हें हार्मोनल बदलावों की ओर धकेलने वाला कदम भी है।

इस गोली का निर्माण ही इस तरह से किया जाता है कि ये शरीर के अंदर जाकर हार्मोन्स में इस तरह से बदलाव लाए कि प्रेग्नेंसी न हो सके।शरीर के अंदर होने वाले ये बदलाव किसी-किसी महिला के लिए संभालना बहुत ही मुश्किल हो सकता है और वो भावनात्मक रूप से बिखरना शुरू हो जाती हैं।

अगर उनमें से सिर्फ मेल ही इस बात का निर्णय ले रहा है कि उसके साथी को गर्भ-निरोधक खाना चाहिए, तो ये मन में शंका पैदा करने लगता है। महिला साथी के मन में कई विचार आने लगते हैं जैसे आखिर क्यों इस बारे में उनकी राय नहीं ली जा रही, क्या उनका साथी रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा, अगर गलती से प्रेग्नेंसी हो गई तो क्या उन्हें अबॉर्शन के लिए मजबूर किया जाएगा, क्या उनका कभी मां बनने का सपना भी पूरा हो सकेगा ?किसी भी महिला के लिए संबंध में जाना और गर्भ-निरोधक गोलियां लेते रहना ऐसा फैसला होता है, जिसके बारे में वो किसी से बात नहीं कर सकतीं। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत में आज भी इसे खुलकर स्वीकार नहीं किया जाता है।

यही वजह है कि उन्हें ये डर लगा रहता है कि अगर किसी को इस बारे में पता चल गया, तो कहीं उन्हें लोगों के जजमेंटल रवैये का शिकार न होना पड़े। ये डर उन पर इस कदर हावी हो जाता है कि वो सोशल सर्कल में एक्टिव रहना तक कम कर देती हैं।

# भारत की विरासत को साड़ी में सजाकर अदाकारा ने जीता सबका दिल

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत से बॉलीवुड और टीवी एंडस्ट्री के साथ ही बिजनेस वुमन भी खूबसूरती का जादू चला रही हैं। अब तक आपने एश्वर्या राय और किराया जैसी फेमस एक्ट्रेस का कान्स लुक देखा होगा। लेकिन असम की अदाकारा का स्टाइल सभी जानी-मानी हस्तियों पर भारी पड़ रहा है। असम की एक्ट्रेस ऐमी बरुआ ने भारतीय संस्कृति को विदेशी सरजमी पर खूबसूरती से उतारा है। इस फेस्टिवल में अदाकारा जब भी रेड कार्पेट पर उतरी, हर बार उन्होंने साड़ी में सादगीभरे अंदाज से दीवाना बनाया है। मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी में एमी ने हर एक्सपिरियन्स से लोगों का दिल छू लिया। साड़ी में अदाकारा का एलिगेंट लुक देखने के बाद किसी की निगाह ही नहीं हट रही है। इस साड़ी को फैशन ब्रांड जुथिका की डिजाइनर मोमिता शर्मा ने बनाया है। इस शानदार पोशाक को गोज बोटा और गम खारू जैसे 200 साल पुराने असमिया डिजाइनों से सजाया गया है।



गोज बोटा में छोटे-छोटे फ्लावर और जियोमेट्रिक शामिल हैं जो, असम का ऐतिहासिक पैटर्न है। यह डिजाइन अहोम राजवंश के समय का है, जिसे असम की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक माना जाता है। जबकि गम खारू असम संस्कृति में समृद्धि और सुरक्षा को दिखाता है। वहीं इस साड़ी को एलिगेंट लुक देने के लिए अदाकारा ने फुल स्लीव ब्लाउज और मैचिंग जूलरी पहनी थी। एपी के लुक में जान डालने का काम उनके ब्लाउज ने किया, जिसकी फुल स्लीव पर मल्टी कलर ब्लॉक्स बनाने के साथ ही सितारे लगाए गए हैं। इसके अलावा ब्रेस्ट पोर्शन को रेड कलर में रखते हुए उस पर वाइट धागों से कढ़ाई करके फ्लावर बनाए गए हैं। नेकलाइन पर नेट का कपड़ा लगाकर डिजाइन किया है। एमी का ब्लाउज उनकी सिंपल साड़ी को यूनिक बनाने का काम कर रहा है।

# स्किन इन्फेक्शन की सस्ती दवा है नीम



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नीम की पत्तियों और तेल में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल, और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो विभिन्न प्रकार के इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इसकी पत्ती कुष्ठ रोग, आंखों की बीमारी, नाक से बहने वाले खून, आंतों के इन्फेक्शन, पेट खराब होने, भूख ना लगने, त्वचा से जुड़े अल्सर, हृदय संबंधी बीमारी, बुखार, डायबिटीज, मसूड़ों की बीमारी और लीवर संबंधी बीमारियों में इस्तेमाल होती है। नीम का उपयोग विभिन्न रूपों में किया जा सकता है, जैसे नीम का पेस्ट, नीम का तेल, नीम की पत्तियों का रस, और नीम की चाय। इसे नियमित रूप से उपयोग करने से गर्मियों में होने वाले कई प्रकार केसंक्रमण से बचा जा सकता है और स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है। नीम का उपयोग त्वचा में होने वाले संक्रमण और खुजली जैसी समस्याओं को कम करने के लिए किया जाता है। नीम की पत्तियों का पेस्ट या नीम का तेल त्वचा पर लगाने से त्वचा की एलर्जी भी दूर होती है। नीम का तेल या नीम के पत्तों का पानी बालों में लगाने से डैंड्रफ और स्कैल्प इन्फेक्शन की समस्या कम होती है। जिससे हेयर फॉल की प्रॉब्लम भी कंट्रोल होती है। नीम की दातुन का उपयोग दांतों और मसूड़ों की सफाई के लिए किया जाता है, जिससे दांतों में होने वाले इंफेक्शन भी दूर होते हैं। यह मुँह के बैक्टीरिया को मारता है और मसूड़ों को स्वस्थ रखता है। नीम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर में होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचाव में भी फायदेमंद होते हैं और इसका लेप कई प्रकार की एलर्जी को भी ठीक करता है।

**डिस्क्लेमर:** यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। ज्यादा जानकारी के लिए हमेशा अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

# गृह मंत्री अमित शाह ने निवेशकों को सस्ते में शेयर लेने की सलाह दी



**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के अनुभवी ट्रेडर्स से लेकर नए म्यूचुअल फंड निवेशकों तक, सभी को 4 जून 2024 का बेसब्री से इंतजार हैं। इस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में एक इंटरव्यू में कहा कि चुनाव के नतीजों के बाद शेयर बाजार में भारी तेजी आएगी। उनके पूछा गया था कि क्या चुनाव नतीजों को लेकर शेयर बाजार में घबराहट दिख रही है ? इस पर मोदी ने कहा कि जब चुनाव के नतीजे आएंगे तो पूरे हफ्ते ट्रेड करने वाले लोग थक जाएंगे। लोकसभा चुनावों के पिछले कुछ चरणों में कम मतदान के कारण नतीजों को लेकर अनिश्चितता बढ़ी है। इससे शेयर बाजार में बेचैनी दिख रही है। सूत्रों का अनुमान है कि चुनाव समाप्त होने तक शेयर बाजार में उथल-पुथल जारी रहेगी। कुछ दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निवेशकों को 4 जून 2024 से पहले सस्ते में शेयर खरीदने की सलाह दी थी। उनका कहना था चुनाव नतीजों के बाद बाजार में तेजी आएगी।

**स्टॉक मार्केट की रणनीति**

ओमनीसाइंस कैपिटल के सीईओ और चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट विकास गुप्ता कहते हैं कि चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चित निवेशकों को नए निवेश को दो हिस्सों में बांटना चाहिए। इसका एक हिस्सा अभी निवेश करना चाहिए और दूसरा हिस्सा नतीजे घोषित होने के बाद। उनका कहना है कि जोखिम उठाने की क्षमता रखने वाले निवेशक अभी निवेश करना शुरू कर सकते हैं और बाद में और निवेश कर सकते हैं। चुनाव के नतीजे चाहे जो भी हों, हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे सेक्टरों को लेकर पॉजिटिव हैं। बिजली, बैंक, रेलवे और डिफेंस सेक्टर के शेयरों में लॉन्ग टर्म में अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद है लेकिन चुनाव नतीजों के तुरंत बाद इनमें उतार-चढ़ाव आ सकता है। इक्विटी में निवेश करते समय पांच साल से अधिक का लॉन्ग-टर्म फोकस महत्वपूर्ण है।


**किन शेयरों में लगा सकते हैं पैसा**

गुप्ता कहते हैं कि बाजार की अनिश्चितता के दौरान निवेश करने से मौका मिल सकता है। हाई क्वालिटी वाली कंपनियों पर फोकस करना चाहिए जिनकी कीमत में अभी गिरावट आई है। अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई करने की जरूरत है। निवेशक अभी क्या खरीद सकते हैं ? टेलविंड फाइनेंशियल सर्विसेज के विवेक गोयल कहते हैं कि पिछले चार से छह महीनों में बाजार की चाल मौजूदा सरकार के सत्ता में बने रहने की उम्मीदों से प्रेरित रही है। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर, पूंजीगत सामान और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सरकारी खर्च की नीति जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेशकों को बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए क्योंकि ऐतिहासिक रूप से, चुनाव के बाद के नतीजों ने बाजार पर कोई खास असर नहीं डाला है। विवेक गोयल ने कहा कि बाजार पहले से ही मौजूदा सरकार के लिए एक और कार्यकाल की उम्मीद कर रहा है। ऐसे में नतीजों से सीधे तौर पर सीमित उछाल की उम्मीद है।

# 19 गुना बढ़ गया इस सरकारी कंपनी का मुनाफा

**समाचार गेट/एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑयल एंड नेचुरल गैस सेक्टर की सरकारी कंपनी ओएनजीसी ने मार्च तिमाही का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 19 गुना बढ़कर 9,869 करोड़ रुपये पहुंच गया। पिछले साल समान तिमाही में यह 528 करोड़ रुपये रहा था। देश की सबसे बड़ी ऑयल एंड गैस उत्पादक कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2023 की जनवरी-मार्च तिमाही में 9,235 करोड़ रुपये का प्रॉविजन किया था। कंपनी ने एक अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के वास्ते विवादित करों के लिए यह प्रावधान किया था। चौथी तिमाही में कंपनी के क्रूड ऑयल प्रॉडक्शन में 4.3 फीसदी तेजी आई और यह 4.71 मिलियन टन रहा। इस दौरान कच्चे तेल की कीमत 80.81 डॉलर प्रति डॉलर रही जो पिछले साल समान तिमाही में 77.12 डॉलर थी।



हालांकि गैस की कीमत में गिरावट रही। चौथी तिमाही में यह 6.50 डॉलर प्रति यूनिट रही जबकि पिछले साल यह 8.57 डॉलर थी। इस दौरान कंपनी का गैस प्रॉडक्शन 2.4 फीसदी की गिरावट के साथ 4.95 बिलियन क्यूबिक मीटर रहा।

ओएनजीसी का चौथी तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 4.6 परसेंट घटकर 34,637 करोड़ रुपये रहा। पूरे फाइनेंशियल ईयर की बात करें तो कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 40,526 करोड़ रुपये रहा। यह कंपनी का अब का सबसे अधिक स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट है। कंपनी का सालाना रेवेन्यू 1.38 लाख करोड़ रहा। पिछले साल कंपनी का नेट प्रॉफिट 40,097 करोड़ रुपये और रेवेन्यू 1.55 लाख करोड़ रुपये रहा था। कंसोलिडेटेड बेसिस पर देखें तो कंपनी का नेट प्रॉफिट 57,101 करोड़ रुपये रहा। इसमें दो लिस्टेड सबसिडियरी कंपनियों एचपीसीएल और एमआरपीएल का प्रॉफिट भी शामिल है। पूरे साल की बात करें तो ओएनजीसी का ऑयल प्रॉडक्शन 0.7 फीसदी गिरावट के साथ 1.84 करोड़ टन रहा जबकि गैस प्रॉडक्शन 3.2 फीसदी गिराट के साथ 19.7 बीसीएम रहा।

**कंपनी का शेयर**

कंपनी ने 15,411 करोड़ रुपये के कुल भुगतान के साथ 245 प्रतिशत (पांच रुपये अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 12.25 रुपये) के कुल लाभांश की घोषणा की है। इसमें वर्ष के दौरान पहले से भुगतान किया गया 195 प्रतिशत का अंतरिम लाभांश (9.75 रुपये प्रति शेयर) और निदेशक मंडल द्वारा मंजूर 50 प्रतिशत (2.50 रुपये प्रति शेयर) का अंतिम लाभांश शामिल है। ओएनजीसी का कहना है कि उसने फाइनेंशियल ईयर 2024 में करीब 37,000 करोड़ रुपये कैपेक्स में निवेश किए जो आंकड़ा पिछले साल 30,208 करोड़ रुपये था। कंपनी का शेयर 3.20 बजे 0.43% की तेजी के साथ 280.30 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 292.95 रुपये है।





